संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....
13 दिसंबर 2024, शुक्रवार
पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 77
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
संताल एक्सप्रेस

फ्लिपकार्ट आर मिंत्रा खोन ऑर्डरेम कैंसल लेखान एमोक् होयोक् तामा कैंसिलेशन फीस

मुंबई। ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट रे कस्टमरको दोआयामा ऑफर्स रेयाक् पोरहोको ञामेत् काना आर उसारा तेकोऑर्डर बुकेत् काना। आम दो आलगा ते आपनार कुसीक् लेकानाक् सामान ओड़ाक् रे दुड़ुप् कातेम हाताव दाड़ेयाक्आ, बाङ जारूड़ाम खान रे दोम कैंसिल दाड़ेयाक्। मेनखान जुदी आम दो बार-बार ऑर्डरेम कैंसलेत्कान मुद रेन कानाम एन्डेखान आम लागित् ते मोंजखोबोर दो बाङ काना। आसोल काथा दो नोआ काना जे फ्लिपकार्ट दो नित ऑर्डर कैंसलेत्कानको लागित् कैंसिलेशन फीसे लागूयेत् काना।

वर्ष 2019 के बाद से राज्य में दिखा परिवर्तन : मुख्यमंत्री

झारखंड विधानसभा में 11,697 करोड़ का अनुपूरक पारित, विपक्षी सदस्यों ने किया बहिर्गमण

● राशि सरेंडर नहीं हुई मंईया सम्मान योजना, मुफ्त बिजली में इस्तेमाल हुई : वित्त मंत्री

● अध्यक्ष ने सदस्यों का आभार जताते हुए सदन को अनिश्चितकाल के लिये स्थागित किया

संवाददाता

रांची । छठी झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इससे पूर्व जितने भी अभिभाषण हुए, उनमें यह सबसे छोटा और अधिक दूरदर्शिता के साथ दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य आंदोलन की उपज है। खून से सींचा गया राज्य है। यहां के लोग स्वाभिमानी हैं। जो ठान लेते हैं, वो तब तक नहीं रुकते, जब तक मंजिल न मिल जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 के बाद से परिवर्तन दिखा है। चाहे आधारभूत संरचना हो, पर्यटन हो या रोजगार सृजन हो। झारखंड देश का पहला राज्य है जहां श्रमिकों के लिए बेहतर कानून बनाया गया है। उन्होंने भाजपा विधायक सीपी सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बुर्जुग हो गए हैं। शहर को नया आयाम देने का काम किया गया है। रांची का चहुंमुखी विकास हुआ है। हर दिन एक नया अध्याय इस राज्य में जुड़ेगा। ये सरकार प्रोजेक्ट भवन से नहीं बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है। गांव की अर्थव्यस्था नहीं बढ़ेगी तो राज्य के सर्वांगीण विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। पूर्व में भी काम किया है आगे भी काम करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के बड़े-बड़े उद्योग, बोकारो, एचईसी, सिंदरी खाद कारखाना लगे। यह उस समय की बात है, जब देश को टाटा-बिड़ला के नाम से जाना जाता था। इसके बावजूद लोग भूमिहीन, बेरोजगार और विस्थापित होने लगे। हमें गर्व है, उन महापुरूषों पर जिन्होंने अपना लक्ष्य साधे रखा। लंबी लड़ाई लड़ी। 2000 में नया राज्य बना। यह सही है कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने नए राज्य पर मुहर लगाई लेकिन अलग राज्य की लड़ाई में दस महीने नहीं, वर्षों बरस लग गए। इस पीड़ा को हम लोगों से अधिक कोई नहीं समझ सकता। 2019 तक इस राज्य को दलदल में धकेलने का ऐसा प्रयास किया गया कि दोबारा उबर नहीं सके। 2019 में गठबंधन की सरकार बनी। इसके बाद भी सत्ता से बेदखल करने के कई हथकंडे अपनाए गए। आज दोबारा सरकार को इस मुकाम में पहुंचाने में जनता की भूमिका है।

झारखंड विधानसभा सत्र के चौथे एवं अंतिम दिन गुरुवार को वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी सहित उनके सहयोगी दलों के विधायकों ने सरकार के उत्तर से नाराज होकर सदन का बहिर्गमन किया। इस बीच अनुपूरक बजट के साथ ही तत्संबंधी विनियोग विधेयक को भी सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी प्रदान कर दी। भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी के कटौती प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया गया। राज्य के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए द्वितीय अनुपूरक बजट की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने साफ किया कि किसी विभाग की राशि को सरेंडर नहीं किया गया है जबकि चुनावी वर्ष में जिन विभागों की ओर से राशि खर्च करने में असमर्थता जताई गई, उसका उपयोग मंईयां सम्मान योजना और मुफ्त बिजली बिल के लिए इस्मेताल किया गया।

अनुपूरक बजट पारित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने अपने समापन भाषण में कहा कि इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण हुआ। इसके अलावा राज्यपाल का अभिभाषण और अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद के बाद इसे मंजूरी दी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन में सभी सदस्य अलग-अलग दलों से, अलग-अलग विचारधाराओं से, अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं, लेकिन वो उम्मीद करते हैं कि पूर्व कार्यकाल के भांति मेरे सभी सदस्य एक परिवार जैसा लगे आत्मिक भाव हो। हमेशा मेरे जीवन में अविस्मरणीय हो, न पक्ष, न विपक्ष सब उनके लिए सदस्य हैं।

विधानसभा की सभी खबरें पढ़ने के लिए बार कोड को स्कैन करें

झारखंड को समर्पित है अबुआ सरकार : कल्पना

रांची । झारखंड विधानसभा सत्र के अंतिम दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलते हुए झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि यह अपनों की सरकार है। अबुआ सरकार झारखंड को समर्पित है। अभिभाषण में इच्छाशक्ति है, जो खुशहाली देने वाली है। उन्होंने कहा कि एक-एक शब्द को धरातल पर उतारेंगे। जनादेश महागठबंधन को मिला है। क्रांतिकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। केंद्र की योजनाओं में राज्य के गरीब-गुरबों की चिंता नहीं है। किसानों का ऋण माफ किया गया है। झारखंड में झामुमो की अपनी पहचान रही है। ये राज्य झामुमो की उपज है। यह जनादेश आदिवासी-मूलवासियों ने दिया। विधानसभा सत्र के अंतिम दिन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने जिला खनिज फाउंडेशन के वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 का वार्षिक प्रतिवेदन सदन में रखा। भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि प्रदेश में क्राइम काफी तेजी से बढ़ रहा है। झारखंड की बेटी, बहु और व्यापारी कैसे सुरक्षित रहे इस पर कोई नहीं बोल रहा है। भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पलामू में 45 से 50 रुपये बोरा बालू मिल रहा है। बालू की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। आजसू विधायक निर्मल महतो ने मांडू को अनुमंडल बनाने और ढ़ढ़ी प्रखंड को रामगढ़ में शामिल करने की मांग की।

भाजपा अंकगणित में पीछे रही पर वोट में आगे रही : बाबूलाल

रांची । छठी विधानसभा के प्रथम सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को सदन में भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभाभाजपा अंकगणित में पीछे रही पर वोट में आगे रही । भाजपा को 37.37 प्रतिशत वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 15.56 प्रतिशत ही वोट मिले। सत्ता पक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे जिन मुख्यमंत्रियों का नाम ले रहे हैं, उनका खौफ आज भी सत्ता पक्ष में दिखाई दे रहा है। उन्होंने चाईबासा के गुदरी का जिक्र करते हुए कहा कि आज लोग वहां जाने से कतरा रहे हैं। पुलिस कोई काम की नहीं है। वहां जाकर देखना चाहिए। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि डेमोग्राफी का बदलना चिंता की बात है। संताल परगना सबसे ज्यादा प्रभावित है। झारखंड में एनआरसी करा दें तो पता चल जाएगा कि कौन कहां से आया है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में बहाली की चर्चा की गई है, लेकिन सीजीएल रिजल्ट का विरोध हो रहा है। इसकी सीबीआई से जांच कराएं, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। भाजपा विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड की बुनियाद को बर्बाद किया जा रहा है। धान खरीद और मंईयां योजना की चर्चा हो रही है लेकिन रांची डीसी ने सभी बीडीओ को पत्र जारी कर कहा है कि अयोग्य की पहचान कर पैसा वसूली की जाए। सरकार बालू की नीलामी नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि बालू घाटों की नीलामी नहीं होने तक गृह निर्माण के लिए बालू फ्री किया जाए। बालू घाट लूटा जा रहा है। अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास के लिए बालू नहीं मिल रहा है।

झामुमो के मुख्य सचेतक बने मथुरा प्रसाद महतो

झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो को झामुमो का मुख्य सचेतक बनाया गया है। गुरुवार को सदन में इसकी घोषणा की गयी।

विधायक शशि भूषण मेहता सदन के बाहर बालू के मुद्दे पर धरने पर बैठे

रांची । पांकी विधायक शशि भूषण मेहता बालू की कमी के कारण पीएम आवास और अबुआ आवास का निर्माण कार्य ठप होने के मुद्दे को लेकर गुरुवार को सदन के बाहर धरने पर बैठ गये। मौके पर पत्रकारों से बातचीत में विधायक ने कहा कि सरकार इसे गंभीरता से लेते हुए बालू मुफ्त उपलब्ध कराये, जिससे कि पीएम आवास अबुआ आवास का निर्माण हो सके। उल्लेखनीय है कि सदन शुरू होने से पहले बाहर में विपक्षी विधायकों ने कहा कि वे बालू का मुद्दा सदन के अंदर उठायेंगे।

सरकार ने मजबूत इच्छाशक्ति को प्रकट किया है : प्रदीप यादव

रांची । झारखंड विधानसभा सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता जाहिर की। उन्होंने कहा अभिभाषण में सरकार की सोच और संकल्पों को प्रदर्शित किया गया है। सरकार के कमिटमेंट को दर्शाता है। सरकार ने यह कहने का प्रयास किया है कि हम गरीबों के लिए हैं। सरकार ने समझा है कि नर की सेवा ही नारायण की सेवा है। सबको साथ लेकर चलने का संकल्प है। सरकार सबका साथ सबका विकास करना चाहती है। प्रदीप यादव ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे घटकर 24 पर चले गए। हमारे संकल्पों पर जनता ने मुहर लगायी है। जुमलों पर जनता ने विश्वास नहीं दिखाया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दंगा-फसाद कराने का प्रयास किया गया। घुसपैठ को देखने की जिम्मेदारी केन्द्रीय गृह मंत्री की है। ये घुसपैठ के नाम पर दंगा कराना चाहते हैं। प्रदीप यादव ने जाति जणगणना की वकालत की।

18-25 वर्ष की लड़कियों को आलसी बना रही सरकार : जयराम महतो

रांची। जेएलकेएम के डुमरी विधायक जयराम महतो ने अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व में जो बजट की राशि निर्धारित की जाती है, वह खर्च नहीं हो पाती है। ऐसे में फिर अनुपूरक बजट का क्या मतलब है। जयराम महतो ने कहा कि पक्ष-विपक्ष ने बजट पर दिशाहीन मुद्दों पर चर्चा की। मैं ऐसी उम्मीद नहीं कर रहा था। डुमरी विधायक ने कहा कि सरकार 18 से 25 साल की उम्र की लड़कियों को 2500 रुपये प्रति माह देकर उन्हें आलसी बना रही है। यही राशि अगर सरकार उन्हें स्कॉलरशिप के रूप में देगी, तो उनका वास्तव में भला होगा। वे उन पैसों का इस्तेमाल सही रास्ते में करेंगी। इसके साथ ही जयराम ने कहा कि सदन में जितने भी माननीय हैं, उनके बच्चे कहां पढ़ते हैं इस बात की जांच होनी चाहिए। साथ ही इन्हें अपने टीए, डीए भत्ता और बस, ट्रेन एंव अन्य मिलने वाली सुविधाओं का भी त्याग करना चाहिए। इस दौरान जयराम महतो ने जेपीएएसी-सीजीएल मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि सीजीएल मुद्दे पर सांच को आंच कैसा। सीजीएल में जांच करवाने में क्या जाता है। छात्र गड़बड़ी का प्रमाण दे रहे हैं। बावजूद इसके आयोग इसे गंभीरता से क्यों नहीं ले रहा है। जयराम ने आगे कहा कि छात्र के बीच पहाड़ आए, दरिया आए या कुछ भी आए, वो टकराएंगे और अपना आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि बलिदानियों का सम्मान होना चाहिए। आंदोलनकारी परिवारों को पांच फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए। उद्योगों को दी गई खाली जमीन को वापस लिया जाना चाहिए।

कल्पना और जयराम ने विधानसभा में दिया नेतृत्व क्षमता का परिचय

अशोक कुमार

विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन गुरूवार को झामुमो विधायक तथा मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन और जेकेएलएम के नेता जयराम महतो ने ओजस्वीपूर्ण व प्रभावकारी भाषण देकर सदन के सभी नये पुराने सदस्यों को यह संकेत दे दिया कि भविष्य की राजनीति में वे नेतृत्वकर्ता के रूप में अहम भूमिका निभाने की क्षमता और योगयता रखते हैं। कल्पना सोरेन ने पिछले पांच साल के हेमंत सरकार की उपलब्धियों को बड़े ही प्रभावकारी शैली में सदन में रखते हुए विपक्षी दल पर करारा प्रहार किया। वह केंद्र सरकार पर भी प्रहार करने से नहीं चुकी और संघीय ढांचे का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र सरकार को राज्यों को सहायत देने में वैसी ही भूमिका अदा करनी चाहिए जैसा वह गुजरात, मध्यप्रदेश,राजस्थान और छत्तीसगढ़ के साथ कर रही है। कल्पना सोरेन ने नारी शक्ति का आह्वान करते हुए अन्य राजनेताओं की तरह एक दोहा पढ़ी जब नारी है शक्तिशाली तो क्यों बन रही है बेचारी। साथ ही उन्होंने यह भी कही कि आज सदन में बारह विधायक महिला हैं आनेवाले दिनों में यह संख्या चौबीस होगी। कल्पना सोरेन जब भाषण दे रही थी तो सत्ता पक्ष के सदस्यों ने सबसे अधिक बेंच थपथपाए। उधर मीडिया के दर्जनों फोटोग्राफरों के कैमरे की फलस चमकते दिखे। फोटोग्राफरो में कल्पना सोरेन की तस्वीरें लेने की होड़ सी मच गयी। ऐसा लग रहा था मानो वह कोई राजनेता नहीं मानो फिल्मी स्टार से कम न हो। उधर जयराम महतो ने भी अपने ओजस्वी भाषणों में दोबार सरकार की मइयां योजना पर कड़ा प्रहार करते हुए विपक्षी दल के बड़े नेताओं को भी पीछे छोड़ दिया । उन्होंने सदन में नेता प्रतिपक्ष के नहीं रहने पर उसी भूमिका में सत्तारूढ दल को घेरते हुए कहा कि मइयां योजना के तहत राशि देकर ूमहिलाओं की प्रतिभा का सरकार हनन कर रही है। उन्होंने तेज व प्रभावशाली आवाज में सदन में अपनी बात रखते हुए कहा कि मइयां सम्मान योजना की राशि स्कूल व कॉलेज जाने के पहले स्कॉलीशिप के रूप में देती तो हमारी बहनों का भविष्य बनता । जब समानता है तभी सम्मान है। उन्होंने सीजीएल परीक्षा का मामला जोरदार ढंग से उठाते हुए कहा कि सरकार इसकी जांच कराए। सांच को आंच क्यों? उन्होंने अनुपूरक बजट की सार्थकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब पूर्व बजट की निर्धारित राशि ही सरकार खर्च नहीं कर पाती है तो अनुपूरक बजट की जरूरत क्यों? उन्होंने झारखंड के बैंकों के सीडी राशि का मामला उठाते हुए कहा कि झारखंड में सीडी राशि मात्र 36 प्रतिशत है जब कि आंध्र में 110 और तमिलनाडू में 115 प्रतिशत है जब कि इसके मुख्यमंत्री होते हैं। यहां के बैंकों में यहां के लोगों का जमा पैसा दूसरे राज्यो में जा रहा है। उपरोक्त दोनों नेताओं ने जिस शैली में तथ्यों के साथ अपनी अपनी बातें सदन पटल पर रखी ,वह किसी पुराने व अनुभवी नेता से कतई कमतर नहीं आंका जा सकता है। आज सदन में यह महसूस नही हुआ कि सदन में नेता प्रतिपक्ष नहीं है।

झारखंड में अगले तीन दिन शीतलहर का अलर्ट

रांची । झारखंड का पारा दिन-प्रतिदिन गिरता ही जा रहा है। इससे ठंड में लगातार बढ़ोतरी हो गयी है। अगले तीन दिनों तक राज्य में शीतलहर की स्थिति रह सकती है। मौसम विभाग ने इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 13, 14 और 15 दिसंबर को शीतलहरी का प्रकोप रहने की संभावना है। राज्य के 10 जिलों में शीतलहरी का प्रकोप रहेगा। इसका असर राज्य के धनबाद, बोकारो, रामगढ़, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, चतरा, पलामू और गढ़वा में देखने को मिलेगा। वहीं उत्तरी पछुआ हवा चलने से और अधिक कनकनी बढ़ेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान 4.5 डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट आई है। रांची, जमशेदपुर, डालटनगंज, बोकारो और चाईबासा में न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। सबसे न्यूनतम तापमान गढ़वा में 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

वन नेशन वन इलेक्शन प्रस्ताव को मोदी कैबिनेट से मिली मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली । मोदी कैबिनेट से वन नेशन वन इलेक्शन प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। सूत्रों ने दावा कर बताया कि अगले हफ्ते बिल को संसद में पेश किया जाएगा। सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा संसद से बिल को चर्चा के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) के पास भेजा जाएगा। जेपीसी इस बिल पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेगी।

सूत्रों के मुताबिक यह बिल अगले हफ्ते संसद में पेश किया जाएगा। सरकार चाहती है कि इस बिल पर सभी राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति बने। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो 2029 तक पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं। राज्यों के विधानसभा कार्यकाल घटाने या बढ़ाने पर विचार होगा। दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराना जरूरी होगा।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित पैनल ने 191 दिनों की रिसर्च और स्टेकहोल्डर्स से चर्चा के बाद 14 मार्च 2024 को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप थी। रिपोर्ट में पहले फेज़ में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ होंगे। 100 दिनों के अंदर निकाय चुनाव कराए जाएंगे। वन नेशन-वन इलेक्शन से प्रशासनिक खर्चों और संसाधनों की बचत होगी। इस व्यवस्था के लिए संविधान में संशोधन और कई राज्यों के विधानसभा कार्यकाल में बदलाव जरूरी होगा।

राज्यों और विपक्षी दलों की सहमति अहम होगी, क्योंकि यह प्रस्ताव क्षेत्रीय और राजनीतिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है। सभी राज्यों के चुनाव कार्यक्रमों का समायोजन कठिन होगा। राज्यों की स्वायत्तता और संघीय ढांचे पर असर पड़ सकता है। प्रस्ताव पर राजनीतिक दलों के बीच मतभेद हैं। अगर यह बिल पास होता है, तो भारतीय चुनाव प्रणाली में बड़ा बदलाव आएगा। यह देखना होगा कि विपक्ष और राज्य सरकारें इसे कितना समर्थन देती हैं। इस बिल पर चर्चा लोकतंत्र के भविष्य के लिए अहम होगी।

मुख्यमंत्री आज सपत्नी पहुंचेंगे देवघर, बाबा बैद्यनाथ व बासुकिनाथ का करेंगे दर्शन पूजन

संवाददाता

देवघर। शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन बाबा नगरी देवघर बाबा बैधनाथ की पूजा अर्चना करनें पहुंचने वाले हैं। वहीं तैयारी को लेकर देवघर जेएमएम जिला कमिटी की एक बैठक बुलाई गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री एवं कल्पना सोरेन के आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। सारे कार्यकर्ता अपने अपने निजी वाहन से एयरपोर्ट उन्हें रिसीव करने के लिए पहुंचेंगे।काफिला के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेकर सर्किट हाउस आएंगे। जहां जिला कमिटी की ओर से अपने दोनों नेता का स्वागत किया जाएगा।जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री देवघर एरपोर्ट पर 11 बजे पहुंचेंगे जहां से फिर उन्हें सर्किट हाउस एक काफिला के साथ लाया जाएगा। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने दी।

निशिकांत दुबे की प्राथमिकी निरस्त करने का हाईकोर्ट ने दिया आदेश

रांची । झारखंड हाई कोर्ट से गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे को बड़ी राहत मिली है। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान झामुमो का झंडा हटाकर भाजपा का झंडा लगाने से जुड़ी प्राथमिकी को हाई कोर्ट ने निरस्त करने का आदेश दिया है। इस संबंध में बुढ़इ थाना में मामला दर्ज है। इसे रद्द करने के लिए सांसद निशिकांत दुबे ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले की सुनवाई गुरुवार को हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने बहस की।

नेशनल गेम्स में देवघर के हैंड बॉल खिलाड़ी आयुष आनंद ने जीता गोल्ड

देवघर संताल एक्सप्रेस । झारखंड के देवघर के बेटे आयुष आनंद राज ने नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रच दिया। उसने डीएवी स्कूल आँल इंडिया के लेवल पर झारखंड को हैंड बॉल के पुरुष वर्ग में पहली बार स्वर्ण पदक दिलाया है। दिल्ली में चल रहे नेशनल गेम्स में आयुष आनंद राज ने हैंड बॉल पुरुष वर्ग स्पर्धा में दिग्गजों को मात देकर गोल्ड मेडल हासिल किया है।उन्होंने यह सफलता मात्र 16 वर्ष की उम्र में ही हासिल की।

झारखंड की राजनीति में संताल परगना का दबदबा कायम

संताल परगना से हैं मुख्यमंत्री और स्पीकर के साथ इंडी गठबंधन के तीनों दलों के विधायक दल के नेता

सुमन सिंह

दुमका । प्रदीप यादव के कांग्रेस विधायक दल का नेता चुने जाने के साथ ही नई सरकार में संताल परगना का दबदबा एक बार साबित हुआ।मुख्यमंत्री और स्पीकर के साथ ही सर्वाधिक 4 मंत्री संताल परगना से हैं।सत्ताधारी गठबंधन दल में शामिल तीनों दलों झामुमो, कांग्रेस और राजद के विधायक दल के नेता भी संताल परगना से बने हैं।संताल परगना के बरहेट से विधायक हेमंत सोरेन पहले ही झामुमो विधायक दल के नेता चुने गए हैं।देवघर से विधायक सुरेश पासवान राजद विधायक दल के नेता हैं।अब गठबंधन के तीसरे घटक दल कांग्रेस ने प्रदीप यादव को विधायक दल का नेता चुना है जो संताल परगना के पोड़ैयाहाट से विधायक हैं।प्रदीप यादव पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र से छठी बार विधायक निर्वाचित हुए हैं।पूर्व मंत्री रह चुके प्रदीप यादव हेमंत सोरेन सरकार में भी कांग्रेस कोटे से मंत्री पद की रेस में थे,पर मंत्री नही बन सके थे।अब पार्टी ने उन्हें विधायक दल का नेता बनाने का निर्णय लिया।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ ही संताल परगना से डॉ इरफान अंसारी, हफीजुल हसन,संजय प्रसाद यादव और दीपिका पांडेय सिंह नई सरकार में मंत्री हैं।

नाला विधायक रबीन्द्र नाथ महतो स्पीकर हैं।बता दें कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडी गठबन्धन को दोबारा सत्ता मिलने में संताल परगना का अहम योगदान रहा है।संताल परगना की 18 विधानसभा सीटों में 17 पर इंडी गठबंधन की जीत हुई है।इसमें झामुमो को 11,कांग्रेस को 4 और दो सीट राजद को मिली है।इंडी गठबंधन ने भी यहां की जनता के जनादेश का सम्मान करते हुए सरकार और दलों में संताल परगना को वाजिब हक दिया है।

मुख्यमंत्री के आदेश पर झारखंड के मजदूरों को कैमरून भेजने वाले नियोजकों पर प्राथमिकी दर्ज

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद कैमरून (मध्य अफ्रीका) में फंसे झारखंड के श्रमिकों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कैमरून में फंसे झारखंड के 47 प्रवासी श्रमिकों के वेतन भुगतान नहीं किए जाने के संदर्भ में प्राप्त शिकायत पर श्रमायुक्त को निर्देश दिया कि नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद गुरुवार को श्रमायुक्त ने नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के विरुद्ध हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह में प्राथमिकी दर्ज करा दी

है। प्राथमिकी में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि नियोजकों, नियोक्ताओं और मिडिलमैन के जरिये उक्त श्रमिकों को अन्तरराज्यीय प्रवासी श्रमिक (नियोजन का विनियमन और सेवा शर्त) अधिनियम, 1979 के तहत बिना प्रवासी मजदूर के रूप में निबंधन कराये और बगैर लाइसेंस प्राप्त किए, धोखे से और जालसाजी कर मध्य अफ्रीका स्थित कैमरून भेजा गया है जो गैरकानूनी है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को विगत दिनों जानकारी प्राप्त हुई कि झारखण्ड के कुछ श्रमिक एम/एस ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कैमरून, सेंट्रल अफ्रीका में कार्यरत हैं। इन सभी श्रमिकों का तीन माह का वेतन लंबित है और वे भारत वापसी की मांग कर रहे हैं। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद श्रमायुक्त के दिशा निर्देश में राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने श्रमिकों और संबंधित कंपनी से संपर्क किया। कंपनी ने बताया कि श्रमिकों को 100 डॉलर प्रति माह का भुगतान किया गया है और बाकी बकाया राशि उनके भारतीय खातों में ट्रांसफर की जाएगी। श्रमिकों ने इस भुगतान की पुष्टि की है। श्रमायुक्त के निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने कंपनी को अनुबंध की प्रति, वेतन भुगतान की जानकारी और अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश एवं श्रम विभाग ने पीओई रांची और अन्य संबंधित विभागों को पत्र भेजा है और आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है। कंपनी से कण्ट्रोल रूम ने पुनः संपर्क किया है। उन्होंने मामले के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया है, जिसके अनुसार उप-कॉन्ट्रेक्टर से बातचीत कर श्रमिकों के बकाया वेतन भुगतान का समाधान किया जाएगा। बकाया राशि उनके भारतीय खातों में ट्रांसफर की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने सूचित किया है कि एम/एस ट्रांसरेल कंपनी श्रमिकों के साथ बातचीत कर रही है और इन फंसे हुए श्रमिकों की सुरक्षित वापसी, उनके लंबित भुगतान और दस्तावेजों का समाधान करेगी। कण्ट्रोल रूम टीम लगातार ईमेल और फोन के माध्यम से अधिकारियों और श्रमिकों से संपर्क कर सुरक्षित वापसी के प्रयासों में लगी है। यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि ठेकेदार वेतन भुगतान करने में असफल होंगे तो उनके साथ समझौता रद्द किया जायेगा।

हेमंत सरकार की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर : बाबूलाल

संवाददाता

रांची । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने छठे विधानसभा के प्रथम सत्र के समापन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा।

मरांडी ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। इनकी घोषणा चुनाव के दौरान कुछ और थीं जबकि अब सत्ता पाने के बाद कुछ और हो गईं। उन्होंने कहा कि वोट पाने के लिए बढ़चढ़कर वादे किए लेकिन अब व्यवहार में कुछ और हो रहा है।

उन्होंने कहा कि 18से 50वर्ष की सभी महिलाओं को महिला योजना का लाभ देने की बात करने वाली सरकार अब वादों से मुकर रही है । अब तो महिलाओं से पैसे वापस लेने के लिए पदाधिकारी पत्र जारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा सत्ता के बाद नीति में इतना बड़ा यू टर्न राज्य की जनता ने पहले कभी नहीं देखा।

मरांडी ने कहा कि मईयां योजना की तरह राज्य सरकार ने किसानों को भी धोखा दिया है। राज्य सरकार ने चुनाव पूर्व घोषणा किया था कि किसानों से धान की खरीदी 3200 रुपये प्रति क्विंटल होगी जबकि सरकार ने मात्र

2400 रुपये प्रति क्विंटल खरीद का निर्णय लिया है। वह भी 15 दिसंबर के बाद। पता नहीं यह भी लागू होगा या नहीं। उन्होंने बालू की किल्लत पर कहा कि यह पिछले टर्म से ही होता चला आ रहा है। सरकार जान बुझकर ऐसा करवा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास,अबुआ आवास के लिए मुफ्त बालू उपलब्ध कराए जाने का राज्य सरकार से आग्रह किया।

मरांडी ने सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली की जांच सीबीआई से कराए जाने की मांग को दोहराते हुए युवाओं को न्याय दिलाने की बात कही।

डीसी ने सर्किट हाउस का निरीक्षण कर सौंदर्यीकरण व जिर्णोद्धार के कार्यों को लेकर दिये दिशा-निर्देश

देवघर संताल एक्सप्रेस । उपायुक्त ने देवघर परिसदन में चल रहे सौन्दर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही परिसदन स्थित दोनों भवनों का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों को जल्द से जल्द से गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निदेश दिया।इसके अलावा निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को देवघर परिसदन में साफ-सफाई पर विशेष व्यवस्था के साथ परिसर में हरियाली पर फोकस करने का निदेश दिया। साथ ही परिसदन में आवश्यकतानुसार बिजली व्यवस्था, रंग-रोगन, शौचालय, फर्नीचर, साज सज्जा व लाईटिंग व्यवस्था को पूरी तरह से दुरूस्त करने का निदेश दिया। आगे उपायुक्त ने परिसदन में सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया, ताकि परिसदन को ओर बेहतर व व्यवस्थित बनाया जा सके।इस दौरान उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त नवीन कुमार, नजारत उप समाहर्त्ता शैलेष कुमार, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा मुकेश कुमार, संबंधित कार्यपालक अभियंता, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी के साथ-साथ संबंधित विभाग के अभियंता व कर्मी आदि उपस्थित थे।

प्रयागराज महाकुंभ में भाग लेने वाले तीर्थयात्री गाइडलाइन का पालन करें

रांची । 14 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 में तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त प्रत्र के आलोक में झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गाइडलाइन का पालन करने का अनुरोध किया है। गाइडलाइन में श्रद्धालुओं को दिशा-निर्देश देते हुए एडवाजरी में कहा गया है कि महाकुंभ मेला 2025 मोबाइल एप डाउनलोड कर मेले की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें और यात्रा से पूर्व निवास स्थान सुनिश्चित करें। साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु या पूर्व से बीमार व्यक्ति हेल्थ चेकअप करायें उसके बाद ही यात्रा करें। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड धारक अपना कार्ड साथ में रखें ताकि आकस्मिक स्थिति में सरकारी एवं निजी अस्पतालों में मुफ्त में इलाज कराया जा सके। एडवाजरी में मेला क्षेत्र में स्नान एवं दर्शन के लिए निदेशित किया गया है कि गर्भवती महिलाएं विशेष सावधानी बरतें। धूम्रपान एवं नशीले पदार्थों का सेवन न करें। मच्छरों से बचाव के लिए रेपेलेंट साथ रखें। साथ ही हीट-अलाव आदि का उपयोग टेंट के अदर न करें इससे आग लगने का खतरा हो सकता है। किसी भी आपात स्थिति में महाकुंभ हेल्पलाइन 1920,पुलिस हेल्पलाइन 112 एवं आपदा हेल्पलाइन 1077 पर संपर्क कर सकते हैं।

चतरा का तस्कर गांजा के साथ गिरफ्तार

पलामू । पलामू से सटे चतरा जिले के दो तस्करों को दो किलो गांजा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। डालटनगंज स्टेशन रोड से दोनों को पकड़ा गया। तस्करों की पहचान चतरा के कुंदा निवासी आशीष कुमार शर्मा (24) और टंडवा निवासी टिकेश्वर महतो (20) के रूप में हुई है। दोनों को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गुरूवार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार ने शहर थाना में पत्रकारों को बताया कि 11 दिसंबर को गुप्त सूचना मिली कि दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन डालटनगंज के पास में मादक पदार्थ की खरीद बिक्री करने आ रहे हैं। सूचना के आलोक में प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन के निर्देश पर एक टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए स्टेशन पहुंचने पर दो व्यक्ति टैम्पो से उतरकर रेलवे स्टेशन की तरफ जाने लगे तो गुप्तचरों के इशारे पर उन्हें पुलिसबल के सहयोग से खदेड़कर पकड़ा । पूछताछ में उनकी पहचान हुई और उनके पास से लगभग दो किलो गांजा बरामद किया गया। इसका बाजार मूल्य 1 लाख बताया गया ।

नक्सलियों-अपराधियों का सेंदरा न करें ग्रामीण : एसपी

खूंटी । जिले के एसपी अमन कुमार के नेतृत्व में रानिया थाना अंतर्गत खटखुरा पंचयात के केनबांकी गांव और चाईबासा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र ताम्बा गांव में गुरुवार को मंजू सुरीन मुखिया खटखुरा पंचायत, सोमा मुंडा ग्रामप्रधान केनबांकी, वार्ड मेंबर एवं सुषमा डहंगा मुखिया, ताम्बा पंचायत तथा दोनों गांव के अन्य ग्रामप्रधानों और ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में देश के कानूनी प्रावधान और कानूनी कार्रवाई के बारे जानकारी देते हुए पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल'उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों जरिये अपराधियों और उग्रवादियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सेंदरा अभियान के तहत उग्रवादियों को पकड़ कर हत्या करने जैसे घटना में शामिल नहीं होने की एसपी ने अपील की। साथ ही अपराधी नक्सलियों की जानकारी देने और पकड़कर थाना और वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करने की अपील एसपी ने की। अफीम, पोस्ता, गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की खेती नहीं करने, उससे होने वाले नुकसान और कानूनी कार्रवाई के बारे में जानकारी बैठक में दी गई। साथ ही डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास, बाल मजदूरी, बाल व्यापार, यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, पुलिस से मदद पाने के लिए डायल-112 साइबर ठगी का शिकार होने पर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना का मामला संसद में उठाया गया

पलामू । सांसद विष्णु दयाल राम ने गुरूवार को लोकसभा में गढ़वा जिले में सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना के कार्य को पूर्ण कराने से संबंधित मामले को उठाया। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार के जरिये वर्ष 2017 में 1276 करोड़ रुपये की लागत से गढ़वा जिले की भूमि को सिंचित करने के लिये सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना का स्वीकृति प्रदान की गयी थी। राज्य सरकार की उदासीनता के कारण इस परियोजना का निर्माण कार्य विलम्ब से वर्ष 2019 में एलएनटी कंपनी के जरिये शुरू किया गया और मार्च 2022 तक कार्य को पूर्ण करना था, जो समय पर नहीं हो पाने के कारण उक्त कम्पनी को कार्य का विस्तार करते हुए 30 जून 2024 तक पूरा करने का समय दिया गया था। लेकिन उक्त कम्पनी के जरिये अभी तक कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है । अभी भी कार्य अपूर्ण है, जिसके कारण सिंचाई परियोजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है।

उल्लेखनीय है कि उक्त सिंचाई परियोजना से गढ़वा जिले की 22 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और गढ़वा जिले के 20 में से 18 प्रखंडों में स्थित खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाया जाएगा। उक्त परियोजना के निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण कराने की आवश्यकता है।

सांसद ने जल शक्ति मंत्रालय से मांग की कि सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना को अविलंब पूर्ण करायी जाए।

हेमलाल मुर्मू की जुबान फिसली, नीरा यादव मांफी मांगने की मांग पर अड़ी

संवाददाता

रांची । झारखंड विधानसभा ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 11,697.45 करोड़ रुपये का दूसरा अनुपूरक बजट पारित कर दिया। इसके बाद विधानसभा सत्र को स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। हालांकि बजट प्रस्ताव के समर्थन में झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू की एक अश्लील टिप्पणी पर सियासत गरमा गई है। झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने अपने भाषण में विपक्षी नेताओं का नाम लेते हुए कहा कि ... में हल्दी लगा बावर्ची बनना बंद करिए। बीजेपी विधायक डॉ. नीरा यादव ने हेमलाल मुर्मू की टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई। नीरा यादव ने कहा कि सदन में 12 महिला सदस्य हैं। सभी स्वाभिमान के साथ जीना चाहते हैं। ऐसे में इस तरह के बयान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हेमलाल मुर्मू इस पर माफी मांगे। इस पर स्पीकर ने कहा कि कभी-कभी बोलते समय स्लीप ऑफ टंग हो जाता है।स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि यदि इस शब्द पर आपत्ति है तो इसे स्पंज कर दिया जाएगा। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कोई भी सदस्य अपशब्द का प्रयोग न करें। इसका ख्याल रखना पड़ेगा।

बाद में विधानसभा अध्यक्ष ने झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो को झामुमो का मुख्य सचेतक के रूप में मान्यता दिए जाने की घोषणा की।भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि क्राइम काफी तेजी से फैल रहा है। झारखंड की बेटी, बहु और व्यापारी कैसे सुरक्षित रहे इस पर कोई बोल नहीं रहा। भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पलामू में 45 से 50 रूपए बोरा बालू मिल रहा है। बालू की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। आजसू विधायक निर्मल महतो ने मांडू को अनुमंडल बनाने और ढ़ाढ़ी प्रखंड को रामगढ़ में शामिल करने की मांग की।

बजट में चुनावी वादों का जिक्र नहीं दिखा : पूर्णिमा दास



रांची । भाजपा विधायक पूर्णिमा दास साहू ने कहा कि चुनाव के दौरान जो लोगों से वादे किए गए थे, इसका अनुपूरक बजट में जिक्र नहीं दिखा। 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का जिक्र बजट में नहीं दिखा। सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्णिमा दास साहू ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करते हुए कहा कि जल्द सभी योजनाओं को धरातल पर रखें।

भाजपा अब झारखंड में प्रवेश नहीं कर पाएगी : सुरेश

रांची। राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान ने सदन में कहा कि अब भाजपा झारखंड में पुन~ प्रवेश नहीं कर पाएगा। उन्होंने हेमंत सरकार के कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि मइयां सम्मान योजना की सफलता से विपक्ष घबराए हुए है। भाजपा जाति और धर्म की बात कर हिन्दू मुसलमान को लड़ाने का काम करती है जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सभी जाति धर्म के लोगों की कल्याण की योजना बना रहे हैं। उन्होने कहा कि भाजपा जिस बंगलादेशी घुसपैठ की रट लगा रही है इसके लिए हेमंत सरकार नहीं बल्कि वह स्वयं जिम्मेवार है। बोर्डर पर केंद्र सरकार के जवान तैनात हैं । केंद्र की सरकार यदि चाहे तो तुरंत धुसपैठ को रोका जा सकता है।

कृषि व पशुपालन में हुए घपले की जांच हो : चुन्ना

झामुमो विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह ने हेमंत सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि यह सरकार ने महिलाओं को सम्मान देकर बिजली बिल माफ करने तथा किसानों का कर्जा माफ करने का काम किया। भाजपा सरकार पिछले पांच वर्षों में यह काम नहीं कर सकी। उन्होंने जामताड़ा जिला में कृषि व पशुपालन विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच की मांग सरकार से की है। उनहेंने आरोप लगाया कि कृषि क्षेत्र में जितनी भी योजनाएं क्रियान्वित की गयी उसका पांच प्रतिशत भी लागू नहीं किया गया। इसी तरह से किसानों के बीच जो मवेशी बांटी गयी उसमें भी घपला हुआ है।

राज्यपाल का अभिभाषण कई मायनों में महत्वपूर्णः स्टीफन

रांची । झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण कई मायनों में महत्वपूर्ण है जो यहां की योजनाओं को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को प्रचंड बहुमत मिला है। जिम्मेदारी बढ़ी है।

धनबाद में अज्ञात युवक की गोली मारकर हत्या

संवाददाता

धनबाद । धनबाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बड़ा पिछड़ी जाने वाले रास्ते में कंचन टॉकीज के समीप युवक का शव गुरुवार को बरामद किया गया है। स्थानीय लोगों द्वारा शव देखे जाने के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद बरवाअड्डा थाना के प्रभार में चल रहे सब इंस्पेक्टर अजय कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। बरवाअड्डा थाना प्रभारी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि एक शव पाया गया है, लेकिन शव की शिनाख्त अबतक नहीं हो सकी है। आसपास के लोग शव को नहीं पहचान रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया गोली लगने से मौत का मामला प्रतीत हो रहा है। मृत युवक की उम्र करीब 40 साल के आसपास है। उसके शरीर पर एक गोली लगने का निशान दिखाई दे रहा है। वहीं, पास से एक खोखा भी बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि घटना स्थल पर जांच शुरू कर दी गई है। सभी थाना को भी घटना को लेकर सूचित कर दिया गया है। साथ ही शव की शिनाख्त के लिए कोशिश जारी है। वहीं, इस मामले को लेकर डीसीपी शंकर कामती ने कहा कि प्रथम दृष्टया गोली मारकर युवक की हत्या करने की बात सामने आई है। युवक का शव बरामद किया गया है। युवक को दो गोली लगी है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है।अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मारी गई है।

सेना के कब्जे वाली जमीन से जुड़े मामले में पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज

रांची । सेना के कब्जे वाली जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले के आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। इससे पूर्व नौ दिसंबर को सभी पक्षों की ओर से सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी। इस मामले में ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज की है। इस मामले की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष ,रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़ागाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम की गिरफ्तारी हो चुकी है। सभी आरोपित फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

स्टील फैक्ट्री में मजदूर की मौत

गिरिडीह । औद्योगिक क्षेत्र के गिरिडीह धनबाद रोड में स्वाति स्टील फैक्टरी में कन्वेयर बेल्ट में फंस कर एक मजदूर के बुरी तरह झुलसने से मौत हो गयी। घटना के बाद में फैक्टरी के लोगों के जरिये मृतक के शव को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे और बोलेरो से शव को छोड़कर फरार हो गए। इस बाबत मृतक के पड़ोसी अनिल राम ने बताया कि मृतक रंजन राम स्वाति फैक्टरी में मशीन ऑपरेटर के रूप में काम करता था। गुरुवार की सुबह उसके मौत की जानकारी मिली। इसके बाद वे सदर अस्पताल पहुंचे और शव को खोजने लगे। बाद में उन्हें पता चला कि फैक्टरी के लोग मृतक के शव को वाहन में ही छोड़कर फरार हो गए। वहीं, मजदूर मोर्चा के सचिव कन्हाई पांडेय और माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह के ज्यादातर फैक्टरियों में मजदूरों के सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं किए गए हैं । इस कारण आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही है। फैक्टरी संचालक को चाहिए कि जो भी सरकारी मुआवजा है उसका न सिर्फ तुरंत भुगतान होना चाहिए। साथ ही मजदूरों के सुरक्षा को लेकर हर फैक्टरी में जांच होनी चाहिये । नगर थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

नये वर्ष से पहले सुरक्षा जांच तेज

पूर्वी सिंहभूम । पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में नये वर्ष के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एसएसपी किशोर कौशल ने बुधवार देर रात शहर की सड़कों पर गश्त करते हुए सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एंटी क्राइम चेकिंग में लगे पुलिसकर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी ने गुरुवार को बताया कि शहर में लगातार एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, ताकि अपराध पर नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने कहा कि नए साल पर लोग नशे की हालत में वाहन चलाने से बचें। ऐसे मामलों में सख्ती बरती जाएगी। नशे में वाहन चलाने वालों को पकड़ा जाएगा, उनके वाहन जब्त किए जाएंगे और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का मकसद लोगों को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है।

पुलिस ने अफीम की फसल को किया नष्ट

खूंटी । खूंटी जिले के ग्रामीण इलाकों में हो रही अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। गुरुवार को पुलिस ने खूंटी, सायको, अड़की, मारंगहादा और मुरहू थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर 8.50 एकड़ खेत में लगी अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि खूंटी थाना के ग्राम मारंगहातू में एक एकड़, सायको थाना क्षेत्र के ग्राम ओतोंगओड़ा में तीन एकड़, मारंगहादा थाना क्षेत्र के ग्राम डेव में एक एकड़, अड़की थाना क्षेत्र के ग्राम भुरुसुडीह में दो एकड़ और मुरहू थाना क्षेत्र के ग्राम केवड़ा में 1.5 एकड़ में लगी अवैध अफ़ीम खेती को नष्ट किया गया। इससे पूर्व पुलिस ने बुधवार को भी विभिन्न इलाकों में अभियान चलकर नौ एकड़ खेत में लगी पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया था। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को दक्षिणी छोटानागपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने खूंटी थाना परिसर में जिले के वरीय और कनीय पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर अफीम की खेती के खिलाफ लगातार और व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया था।

हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार के कैबिनेट के फैसले पर लगाई रोक

निजी नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण वाला कानून नहीं होगा लागू

संवाददाता

रांची । झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण देने वाले कानून को लागू करने पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार ने 2021 में कैबिनेट में फैसला लिया था कि निजी कंपनियां अपने यहां 40 हजार प्रतिमाह तक की नौकरियों में स्थानीय युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण देंगी। जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ ने लघु उद्योग संघ की ओर दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में लघु उद्योग संघ ने निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के झारखंड राज्य रोजगार अधिनियम 2021 के प्रावधानों को चुनौती दी थी।

झारखंड लघु उद्योग संघ की ओर से पेश हुए वकील एके दास ने कहा कि इस अधिनियम ने राज्य और झारखंड के बाहर के उम्मीदवारों को बांट दिया है। यह अधिनियम संविधान के सिद्धांतों के खिलाफ है। क्योंकि संविधान रोजगार में समानता की गारंटी देता है। वकील ने कहा कि राज्य सरकार निजी कंपनियों को एक निश्चित श्रेणी के लोगों को रोजगार देने के संबंध में निर्देश नहीं

दे सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मुद्दों पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने पहले भी निर्णय लिया है। इसमें पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा लाए गए ऐसे ही अधिनियम को रद्द कर दिया गया था। झारखंड हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के आदेश दिया। साथ ही याचिका पर अगली सुनवाई 20 मार्च को करने के लिए कहा। झारखंड विधानसभा में सितंबर 2021 में निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए झारखंड राज्य रोजगार अधिनियम 2021 पारित किया था। इसके मुताबिक प्रत्येक नियोक्ता कुल मौजूदा रिक्तियों में से 75 प्रतिशत स्थानीय उम्मीदवारों से भरेगा, जहां सकल मासिक वेतन या मजदूरी 40,000 रुपये से अधिक नहीं है। इस कानून के मुताबिक स्थानीय उम्मीदवारों के रोजगार की प्रक्रिया के दौरान संबंधित संस्थान की स्थापना के कारण विस्थापितों, संबंधित जिले के स्थानीय उम्मीदवारों और समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व पर ध्यान दिया जाएगा।

गिरिडीह का प्रसिद्ध वाटरफॉल में जुटने लगी है सैलानियों की भीड़

संवाददाता

गिरिडीह । गिरिडीह-धनबाद मुख्य मार्ग में गिरिडीह जिला मुख्यालय से महज 12 किलो मीटर दूर स्थित टरफॉल गिरिडीह के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में से एक है। पुराने साल की समाप्ति और नए साल के आगमन पर हर वर्ष इस मनमोहन पर्यटक स्थल में लोगों का आने का सिलसिला शुरू हो जाता। इस वर्ष भी यह सिलसिला शुरू हो चुका है। यूँ गिरिडीह जिला मुख्यालय का यह पर्यटक स्थल पूरे साल लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहता है। यहां बड़े-बड़े पत्थर चट्टान के बीच गिरने वाले झरने लोगों को अपनी ओर बरबस आकर्षित करती है।

जिसे देखने झारखंड के अलावा अलग अलग राज्यों से लोग यहां पहुंचते हैं। यहां आने वाले सर्वाधिक सैलानियों में पड़ोसी राज्य बंगाल के सैलानी होते हैं। इस मुख्य कारण प्रख्यात बंगला कवि रविंद्र नाथ टैगोर ने अपनी कविता उसरी झोरना में इसका काफी रोचक तरीके से वर्णन किया गया है। वहीं बंगाल के प्रख्यात फ़िल्म निर्माता ने अपनी फ़िल्म पाथेर पंचाली का अधिकांश शूटिंग यही पर किया है। वहीं गंगाधाम, प्लेटफार्म न02 समेत कई हिंदी व भोजपुरी फिल्मों की शूटिंग इस उसरी झरना (उसरी वाटरफॉल) की हसीन वादियों में किया गया है। वही सैंकड़ो वीडियो एलबम भी यहां फ़िल्मया गया है। जिस कारण इस झरने का काफी प्रचार प्रसार हुआ है। यहां की प्ररितिक दृश्य लोगों को खूब लुभाती है। नतीजतन पूरे साल यहां लोगों का आवागमन जारी रहता है।

ताऊ ने 4 वर्षीय भतीजी पर किया वार, घायल

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज जिले के बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पेटखासा में एक ताऊ ने अपनी ही चार वर्षीया भतीजी अनुष्का कुमारी को दबिया से वार कर घायल कर दिया।परिजनों ने घायल को आनन फानन में बरहेट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया,जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर बच्ची को साहिबगंज जिला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।वही मामले में जिला सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि बच्ची के गले में गहरा जख्म है।मामले में घायल के पिता जितेंद्र बाग़ती ने बताया कि हमलावर घायल का ताऊ शक्ति बाग़ती मानसिक रूप से अस्वस्थ है।आगे मामले की सूचना मिलते ही बरहेट थाना पुलिस ने हमलावर को अपनी गिरफ्त में ले लिया है, व जॉच में जुट गई है।इधर घायल बच्ची का ईलाज साहिबगंज सदर अस्पताल में चल रहा है।

सदर अस्पताल में परिवार नियोजन पर स्वास्थ कर्मियों को दी गई जानकारी

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। सदर अस्पताल स्थित वेयर हाउस में गुरुवार को परिवार नियोजन व आईयूसीडी पर स्वास्थ कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण संतोष कुमार के द्वारा परिवार नियोजन से संबंधित कई अहम जानकारी दी गई है। इस दौरान एएनएम व जीएनएम को आईसीयूडी, पीपीआइसीयूडी पर जानकारी दी गई है। प्रशिक्षण का मकसद कर्मियों की सहयोग से लोगो तक सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। जानकारी देते हुए बताया कि परिवार नियोजन के लिए आईसीयूडी सबसे उपयुक्त माध्यम है। वही आईसीयूडी के प्रयोग से सेहत को कोई नुकसान नही है। इसके अलावा कई जानकारी दी गई है। वही 16 दिसंबर तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर दर्जनों एएनएम व जीएनएम मौजूद थे।

मानवाधिकार व लोकायुक्त से संबंधित मामलों की डीसी ने की समीक्षा

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। डीसी हेमंत सती ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में गुरुवार को विभिन्न संस्थानों में नियुक्त व्यक्तियों के चरित्र सत्यापन,मानवाधिकार व लोकायुक्त आयोग कार्यालय से संबंधित मामलों की समीक्षा की।राष्ट्रीय मानव अधिकार से संबंधित 44 में 33 निष्पादित एवं 07 लंबित मामले की डीसी ने समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के तत्वरित निष्पादन हेतु संबंधित विभाग को पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया। लोकायुक्त के 55 में निष्पादित 54 व लंबित मामले कि मामले की समीक्षा की गई। चरित्र एवं पूर्ववृत हेतु प्राप्त मामले 459 मामले में 362 निष्पादित मामले व 103 लंबित मामलों की समीक्षा की गई। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा व अन्य उपस्थित थे।

डीसी ने दिव्यांगों के बीच बांटी ट्राई साइकिल

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज साहिबगंज। समाहरणालय परिसर में गुरुवार को डीसी हेमंत सती ने दिव्यांगों को बैट्री चलित ट्राई साइकिल वितरण किया। डीसी ने अपने हाथों से सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा 13 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल दिया। डीसी ने बताया कि जिले में 300 से अधिक दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण का लक्ष्य है। डीसी ने बताया कि दिव्यांगजनों बैट्री चलित ट्राई साइकिल से अपने कई कामों को आसानी से कर सकेंगे। यह किसी काम के लिए दूसरों पर आश्रित नहीं रहेंगे। मौके पर जिला सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक अनिल कुमार व अन्य कर्मी

ठंड से लोगों की बढ़ी परेशानी, झामुमो नेता ने अलाव जलाने की मांग की

उधवा। तापमान में अचानक गिरावट होने से पिछले कुछ दिनों से ठंड काफी बढ़ गई है। ठंड के मौसम में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए चांद शहर पंचायत के झामुमो नेता सह समाजसेवी जैनुल आबेदीन शेख ने प्रशासन से अलाव जलाने की व्यवस्था की मांग की है। इस दौरान जैनुल आबेदीन शेख ने कहा कि ठंड के मौसम में प्रशासन की ओर से जगह जगह अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए। ताकि लोग ठंड से बच सकें। उन्होंने आगे कहा कि अलाव जलाने की व्यवस्था करने से गरीब और असहाय लोगों को ठंड से बचने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। इस मामले में स्थानीय लोगों ने भी समाजसेवी का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में अलाव जलाने की व्यवस्था करना बहुत जरूरी है, ताकि लोग ठंड से बच सकें।इस मामले में सरकार को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि लोगों को ठंड से बचने में मदद मिल सके।

प्रतिबंधित लॉटरी के गोरखधंधे को रोकने में असफल हो रहा प्रशासन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज झारखंड में पिछले कई वर्षो से लॉटरी के टिकट पूरी तरह से प्रतिबंधित है।वाबजूद इसके संथाल परगना इसका गढ़ बना हुआ है।एक आंकड़े के मुताबिक सिर्फ साहिबगंज जिले भर में प्रतिदिन तकरीबन 20 लाख का लॉटरी का व्यापार हो रहा है। हालांकि ऐसा नहीं है कि पुलिस इस मामले पर कोई कार्रवाई नहीं करती। समय समय पर पुलिस लॉटरी विक्रेताओं को घर दबोचती है,व जेल कि हवा भी खिलवाती है।पर अब तक इस कारोबार को पूरी तरह या फिर यह कहे कि 50 प्रतिशत भी नहीं रोक पाईं है।इसका मुख्य कारण क्या है?वैसे मामले को लेकर जिला पुलिस कप्तान ने कहा है कि लॉटरी विक्रेताओं की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है।लेकिन यह कारोबार है कि बंद होने का नाम ही नहीं ले रहा है।जिसको लेकर कईओ ने पुलिस प्रशासन पर सीधा निशाना साधते हुए कहा है कि बिना पुलिसिया मिलीभगत के यह कारोबार इतने जोरशोर से नहीं चल सकता।

लॉटरी टिकट के थोक व्यापारियों का इस कारोबार में महारथ हासिल है। पुलिस के हत्थे चढ़े बिना अपने काम को बखूबी अंजाम दे रहे हैं।धंधे पर पूरी तरह से अंकुश लगाने में पुलिस इसलिए ये भी विफल हो जाती है। क्योंकि इसके जो सरगना है वो हाथ नहीं आ पा रहे हैं।यहां रोजाना लाखों रुपये की लॉटरी टिकट बेची जाती है। अधिकांश गरीब लोग ही आसानी से धंधेबाजों के जाल में फंस जाते हैं और अमीर बनने की फिराक में लोग अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई को आसानी से गंवा देते हैं।इस गोरखधंधे के जरिए कई धंधेबाज आज करोड़पति बन चुके हैं।जबकि लॉटरी खरीदने वाले खासकर रिक्शा चालक,फुटपाथी दुकानदार लोग खाकपती होते जा रहे हैं। पुलिस कभी कभार खुदरा विक्रेता को पकड़ कर जेल तो भेजती है।पर थोक कारोबारी पकड़ में नहीं आते।इन दिनों डांगापाड़ा,तोड़ाई में लॉटरी माफिया से जुड़े लोग पूरी तरह से सक्रिय बताए जाते हैं।

दिव्यांग बोर्ड में 114 दिव्यांगों की हुई जांच

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। जिले के सदर अस्पताल में जिला स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में गुरुवार को सदर अस्पताल के वेयर हाउस में दिव्यांग बोर्ड शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ईएनटी रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ समेत कई डॉक्टर शामिल हुए। शिविर में काफी संख्या में मरीज पहुचे थे। जानकारी के अनुसार शिविर में हड्डी, आंख, कान, गुंगा-बहरा, मानसिक समेत कई दर्जनों दिव्यांगों की जांच की गई है। इसमे हड्डी, आंख-कान, मूकबधिर समेत 114 दिव्यांगों की जांच की गई है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. तापस मुर्मू, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल वर्मा, पाकुड़ से ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्यप्रकाश, मनोचिकित्सक डॉ. अनिमेश नोवेल, डॉ. राजकुमार साह कुजूर ने दिव्यांगों की जांच की। मौके पर मनोज, गीता, रोजलीन मुर्मू, सत्येंद्र, गणेश, गोपाल तिवारी, बरुन कुमार आदि थे।

मुख्यमंत्री से मिले पूर्व केंद्रीय सदस्य शाहिद इकबाल, समस्याओं से कराया अवगत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़ । झा मु मो के पूर्व केंद्रीय समिति के सदस्य शाहिद इकबाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची स्थित झारखंड विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष में मुलाकात कर पाकुड़ की जनसमस्याओं से मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट करते हुए एक आवेदन दिया है। झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति के सदस्य शाहिद इक़बाल ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का ध्यान आकृष्ट करते हुए पाकुड़ सदर अस्पताल में डॉक्टर, नर्स की कमी की जानकारी दी है। श्री इकबाल ने बताया कि एएनएम 153 पद है ।जिसमें केवल 30 कार्यरत है। महिला, बच्चा एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ के डॉक्टर नहीं है। पाकुड़ जिले में 103 डॉक्टरों का पद है। जिसमें पाकुड़ जिले में सदर अस्पताल एवं पीएचसी में 26 डॉक्टर ही कार्यरत है। इनमें से अध्ययन अवकाश में 9 डॉक्टर, 3 इस्तीफा और 3 डॉक्टर अनाधिकृत रूप से गायब है। कुल मिलाकर के पाकुड़ सदर अस्पताल पीएचसी की स्थिति चिंताजनक है।शाहिद इक़बाल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आवेदन देकर ध्यान दिलाया कि 2016-17 में रधुवर सरकार के कार्यकाल में झारखंड के 4096 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय का अन्य विद्यालययों में विलय कर दिया गया था। जिसमें पाकुड़ जिले के छः उर्दू विद्यालय भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सरकार विलय किया गया विद्यालय की पुनर्वापसी के लिए कार्य कर रही है। श्री इकबाल ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पाकुड़ जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था के सुधार हेतु डॉक्टरों की कमी की समस्या का शीघ्र से शीघ्र निदान की दिशा में आवश्यक पहल करने की मांग की है जिससे कि यहां की जनता की स्वास्थ्य सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सके।

घायल हुए निवर्तमान वार्ड पार्षद के पति से मिलने पहुंचे प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार

संथाल एक्सप्रेस/ बरहरवा = नगर पंचायत में वार्ड संख्या 03 के हरिजनपाड़ा निवर्तमान वार्ड पति से मिलकर प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार ने उनका हाल जाना। वार्ड संख्या 03 के पूर्व वार्ड पार्षद शबीना बीबी के पति फारूक शेख उर्फ बेचन की कुछ दिनों पहले मां का देहांत हो गया था उसी क्रम में बेचन बांस की चचरी बनाने के लिए बांस काटने गया था। इसी क्रम में बांस करने के दरमियान बांस उनके पैरों में जा कर लगा ,जिसके उपरांत उनके पैर में चोट लगने से बुरी तरह से घायल हो गया आनन फानन में लोगों द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा ले जाया गया। जिसमें उसे इलाज के दौरान उसके पैरों में 25 टांके लगे।खबर सुनते ही प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार उनसे मिलने उनके घर पर पहुंचे एवं उनका हाल चाल जाना,मौके पर प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार, पूर्व वार्ड पार्षद शबीना बीबी,मुसर्रफ हसनैन, प्रियरंजन दास,सतीफ सेख सहित अन्य मौजूद थे।

प्रशासन ने अलाव की व्यवस्था की

लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)ठंड से बचाव के लिए प्रखण्ड प्रशासन ने चोक चोराहे पर राहगीरों के लिए अलाव की व्यवस्था किया है।विते एक सप्ताह से ठंड में हुई बढ़ोतरी से आम जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। लोग शाम होते ही अपने अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो रहे है।ठंड बढ़ने की वजह से बुजुर्गों व स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ने की वजह से चौक-चौराहों की दुकानों में गर्म कपड़े की बिक्री बढ़ गयी है। वही राहगीरों और दुकानदारों को ठंड से बचाव को लेकर प्रखंड प्रशासन के द्वारा लिट्टीपाड़ा तिलका मांझी चौक, घरमपुर मोड़ व बादल चौक सहित अन्य चौक चौराहे में अलाव की व्यवस्था की गयी है। जिससे दुकानदारों व राहगीरों को राहत मिली है।

मौसम विभाग का पूर्वानमान सच साबित

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज मौसम विभाग का पूर्वानमान सच साबित होता दिख रहा है।बृहस्पतिवार की सुबह जिला मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी ठंड बढ़ा हुआ रहा सुबह लगभग 6ः30 बजे आसमान में बदल कि घनी चादर दिखाई दी और उसके बाद बूंदें गिरने लगी कोहरा का असर सुबह 10ः00 बजे के बाद धीरे-धीरे कम होने लगा थोड़ी देर के लिए सूर्य के दर्शन होने से लोगों को कुछ राहत मिली लेकिन दिन भर ठंड का प्रवाह बना रहा लोग पूरे दिन गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए घने कोहरे के कारण और ठंड के कारण सड़क पर जगह-जगह लोग आग़ तपते दिखे कोहरे के कारण छाई ठंड के वाबजूद भी स्कूली बच्चे स्कूलजाते हुए दिखाई पड़ेःज्ञात हो कि पिछले दिनों मौसम विभाग ने झारखंड में पारा गिरने कि बात कही थी।

वार्ड संख्या दो में जल जमाव का विधायक प्रतिनिधि ने जायजा लिया

संथाल एक्सप्रेस/संवादाता बरहरवाः नगर पंचायत के वार्ड संख्या 02 के प्रोफेसर कॉलोनी में हो रहे जल जमाव की समस्या के समाधान हेतु कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान एवं बरहरवा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार अपने पूरे टीम के साथ प्रोफेसर कॉलोनी पहुंचकर स्थल का जायजा लिया,तथा जूनियर इंजीनियर मोहित कुमार को निर्देश दिया कि सड़क एवं नाली का मापी करके सही तरीके से प्राक्कलन तैयार करे,जिससे भविष्य में सड़क के ऊपर जल जमा ना हो तथा जल जमाव की समस्या से वार्ड वासियों को निजात मिल सके।

मौके पर सहकारिता विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष शहनवाज नासीर, प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार, सिटी मैनेजर देव जी,जूनियर इंजीनियर मोहित कुमार, रवि उरांव, अंकित कुमार,अंकित जी, टैक्स दरोगा मुकेश कुमार,महमूद आलम, रणजीत टुडू,अमीन जी मौजुद थे।

पुलिस अधीक्षक ने की मासिक अपराध गोष्ठी की समीक्षात्मक बैठक

पाकुड़। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार पाकुड़ की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पाकुड़ जिले के पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। थाना- ओपी में लंबित सभी कांडों का विस्तृत समीक्षा कर प्रत्येक सप्ताह समीक्षा प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु सभी डी.एस.पी. पुलिस निरीक्षक प्रभाग को निर्देशित किया गया। अनावश्यक रूप से लंबे समय से कांडों को लंबित रखने वाले अनुसंधानकर्ता को चिन्हित कर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कारवाई हेतु प्रतिवेदन समर्पित का निर्देश सभी डी.एस.पी पुलिस निरीक्षक प्रभाग को दिया गया। कांडों का पर्यवेक्षण प्रतिवेदन दिनांक 15.12.2024 तक समर्पित करने हेतु सभी पुलिस उपाधीक्षक पुलिस निरीक्षक प्रभाग को निर्देशित किया गया।अवैध कोयला/बालु/पत्थर के उत्खनन/परिवहन/भंडारण के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स को आवश्यक सहयोग करने का निर्देश दिया गया। चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु नियमित रूप से सघन वाहन जांच अभियान चलाने एवं पेट्रोलिंग पार्टी को मुस्तैदी के साथ भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया।परिवाद पत्रपासपोर्ट,चरित्र सत्यापन का निष्पादन निर्धारित समय में करने हेतु निर्देश दिया गया।थाना में आने वाले फरियादियों आवेदको का शालीनता के साथ उनकी समस्याओं को सुनने एवं त्वरित जांचोपरांत विधि सम्मत आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया गया।. यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन नियमित रूप से कार/मोटरसाइकिल/टोटो चालक का हेलमेट/सिटबेल्ट/रजिस्ट्रेशन/ इंश्योरेंस इत्यादि की जांच करने का निर्देश दिया गया।

बढ़ते ठंड को देखते हुए हिन्दू क्रांति संघ ने गरीब व निःसहाय लोगो के बीच बांटा कपड़ा

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज।साल कि लास्ट बढ़ते ठंड लोगो को जीना मुश्किल कर दिया है. लोग घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं. जिसे देखते हुए हिन्दू क्रांति संघ के जिलाध्यक्ष सन्नी राज के नेतृत्व में गुरुवार को साहिबगंज रेलवे स्टेशन परिसर में गरीब व निःसहाय लोगो के बीच कपड़ा वितरण किया गया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि बढ़ते ठंड को लेकर जिला प्रशासन को भी ऐसे लोगो पर ध्यान देने की आवश्यकता है। जिनके रहने के लिए कोई जगह नही है न शरीर मे कोई अच्छा वस्त्र है। जबकि हर रोज ठंड बढ़ती जा रही है। स्टेशन परिसर में रहने वाले लोगो को रात काटना काफी मुश्किल है। ऐसे में अलाव की भी सुविधा होनी चाहिए। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

उपभोक्ता संरक्षण फोरम कार्यालय का डीसी ने किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस साहिबगंजसाहिबगंज। समाहरणालय परिसर स्थित जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम कार्यालय का गुरुवार को डीसी हेमंत सती ने निरीक्षण किया। डीसी के द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम का निरीक्षण के क्रम में भवन का पूर्ण जायजा लिया।वहीं डीसी ने उपभोक्ता संरक्षण फोरम में दायर मामले के विषय में जानकारी भी ली।बताया गया कि उपभोक्ता संरक्षण फोरम में लंबित 140 दायर मामले हैं।मौके पर प्रिति कुमारी सदस्य,काजल कुमार दत्ता कार्यालय सहायक एवं अन्य उपस्थित थे

उपायुक्त आम जनों की समस्याओं से अवगत हुए

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज/समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी हेमंत सती के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं को सुनी और संज्ञान में लेते हुए कहा कि सभी शिकायतों की जांच करते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के अन्य विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग केपदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें।

डीसी ने दिव्यांग को रिकशा दिलाने का वादा किया

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज साहिबगंज गुरुवार को जिले के जीरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत कबूतरखोपी निवासी दिव्यंग सुमित रविदास ने उपायुक्त हेमंत सती से तब भेंट की जब उपायुक्त किसी कार्य को लेकर कबूतरखोपी पहुंचे हुए थे। दिव्यांग व्यक्ति ने डीसी से कहा कि साहेब वार्ड पार्षद रिक्शा दिलवाने के नाम पर पैसे कि माँग करते है।इस पर डीसी ने दिव्यांग को कार्यवाही का आश्वासन देते हुए उसको रिक्शा दिलवाने का वादा किया।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी खोबोर

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते अनुबंध एमोक् लागित् आईआरईपीएसपोर्टल दाराय ते वेबसाइट **www.ireps.gov.in** दाराय ते खुला ई-नीलामी नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् विवरोन दो नोंका लेका मेनाक्आः **नीलामा रेयाक् हानाटिजः** पार्किंग। **ई-नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-पार्क 16-2612, स्टेशनको/जायगाको रेयाक् ञुतुमः (1)** रानीगंज रेलवे स्टेशन रेयाक् दक्षिण भाग सेच् टू (02) -व्हीलर्स पार्किंग। (2) वारिया रेलवे स्टेशन रे टू (02)-व्हीलर्स पार्किंग। (3) पानागढ़ रेलवे स्टेशन रेयाक् दक्षिण भाग रे टू (02), थ्री (03) आर फ ोर(04)-व्हीलर्स पार्किंग। (4) दुबराजपुर रेलवे स्टेशन रे जीआरपी आफिस ठेन टू (02), थ्री (03) आर फेर (04)-व्हीलर्स पार्किंग। **ई-नीलामी एहोबोक् रेयाक् तारीकः** माहित 26.12.2024 हिलोक् 12.00 बजे। जोतो ठिकादारको एम आकात् सूची लेका रे नोआई-नीलामी रेयाक् पुराउ बानाडाय आर सेलेदोक् लागित् दो **www.ireps.gov.in** ञेल रेयाक् सोलहा एमावाको काना।

ASN-268/2024-25

ठिका वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यादव पर महाभियोग की तैयारी

न्यायपालिका लोकतंत्र का वह स्तंभ है जिस पर संविधान की रक्षा और नागरिक अधिकारों को सुनिश्चित कराने की महत्वपूर्ण संवैधानिक जिम्मेदारी है। लेकिन जब न्यायपालिका की निष्पक्षता या आचरण पर सवाल उठने लगते हैं, तो स्पष्ट है कि वह अपनी भूमिका का सही तरीके से निर्वहन नहीं कर पा रही है। यह स्थिति देश के लोकतांत्रिक ढांचे और नागरिकों के अधिकारों पर गहरा प्रभाव डालती है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव इसी पृष्ठभूमि में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। लोकसभा के 100 से अधिक सांसदों और राज्यसभा के 50 सांसदों ने मिलकर महाभियोग की तैयारी शुरू की है।

न्यायाधीश यादव की विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में आपत्तिजनक टिप्पणियां और एक धर्म विशेष के धर्म गुरुओं पर टीका टिप्पणी करने का आरोप है। यह आरोप संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता और न्यायपालिका की निष्पक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है। संविधान में प्रदत्त नियमों के अनुसार किसी भी न्यायाधीश को हटाने की गंभीर प्रक्रिया है। संविधान के अनुच्छेद 124 (4) और 124 (5) के तहत महाभियोग प्रस्ताव को संसद के दोनों सदनों में भारी समर्थन की आवश्यकता होती है। महाभियोग के लिए राज्यसभा के 50 सांसदों और लोकसभा में 100 सांसदों का समर्थन प्राप्त करना अनिवार्य होता है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य न्यायपालिका की स्वतंत्रता और गरिमा की रक्षा करना है। भारत में न्यायाधीशों के खिलाफ एक या दो मामले में पहले महाभियोग लाए गए हैं। पिछले 75 वर्षों में न्यायपालिका को लेकर राजनेताओं और जनता के मन में हमेशा से विशेष सम्मान रहा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से न्यायपालिका के निर्णय और न्यायाधीशों का आचरण विवादित रहा है। न्यायालय में हमेशा दो पक्ष होते हैं। 70 फ़ीसदी से अधिक मामलों में एक पक्ष सरकार होती है। पिछले कुछ वर्षों में न्यायपालिका का सरकार के प्रति स्पष्ट रूप से झुकाव देखने को मिलता है। गंभीर मामलों में भी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में मामलों की सुनवाई को टाल दिया जाता है। तारीख पर तारीख दी जाती है। आमजनों की सुनवाई न्यायपालिका में नहीं हो पा रही है। पिछले कुछ वर्षों में हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एक विचारधारा को रखकर निर्णय करने लगे हैं। जिसके कारण संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन न्यायपालिका के माध्यम से ही होने लगा है। न्यायाधीश खुलेआम राजनीतिक धार्मिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होकर उनके प्रति निष्ठा व्यक्त करने लगे हैं। अदालतों से जो निर्णय दिए जा रहे हैं, उसमें इसका असर देखने को मिलता है। जिसके कारण पिछले कुछ वर्षों में न्यायपालिका की जितनी आलोचना हुई है, पिछले 70 वर्षों में कभी नहीं हुई। न्यायपालिका और न्यायाधीश का आचरण संविधान में मिले नागरिकों के मूलभूत अधिकार और कानून संवत विधायिका और कार्यपालिका काम करे। इसकी जिम्मेदारी संविधान ने न्यायपालिका के ऊपर डाली हुई है। व्यक्तिगत या राजनीतिक लाभ के लिए न्यायपालिका और उसके न्यायाधीश यदि उपयोग करते हैं या सरकार के डर और भय अपने अधिकारों का पालन नहीं करते हैं। इस स्थिति में न्यायाधीशों के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव जायज है। महाभियोग प्रस्ताव का दुरुपयोग न्यायपालिका की साख को कमजोर कर सकता है। महाभियोग की प्रक्रिया संविधान को सुरक्षित बनाए रखने के लिए बहुत आवश्यक है। न्यायपालिका का निर्णय विधायिका और कार्यपालिका के साथ-साथ आम नागरिकों को भी मानना होता है। न्यायाधीशों को अपने कार्यक्षेत्र में निष्पक्ष और निष्कलंक होना चाहिए। ताकि जनता का विश्वास न्यायपालिका पर बना रहे। दूसरी ओर विधायका को यह सुनिश्चित करना होगा, कि न्यायिक स्वतंत्रता पर किसी भी प्रकार का अनावश्यक हस्तक्षेप न हो। वर्तमान महाभियोग का प्रस्ताव न्यायपालिका के आचरण पर विचार करने और इसे अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने के लिए अति आवश्यक है। महाभियोग प्रस्ताव पर चर्चा करने के बाद संसद तय करेगी। आरोप सत्य साबित होते हैं, तो न्यायाधीश को महाभियोग के जरिए हटाया जा सकता है। न्यायाधीश को यदि अपनी जिम्मेदारियों का एहसास है तो ऐसी स्थिति में न्यायाधीश यादव इस्तीफा देकर अलग हो सकते हैं। संविधान और लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है। महाभियोग प्रस्ताव पर गंभीरता से चर्चा होने की जरूरत है। न्यायपालिका के ऊपर जो विश्वास आम जनता का बना हुआ था वह बना रहना जरूरी है। इसको राजनीतिक धार्मिक या अन्य व्यक्तिगत आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए।

आगाज अच्छा रहा, अंजाम खुदा जाने

झारखंड की छठी विधानसभा का पहला सत्र



चंदन मिश्र

झारखंड की छठी विधानसभा के गठन के साथ ही चार दिनों का पहला सत्र आज संपन्न हो गया। पहले सत्र का आगाज तो अच्छा रहा, अंजाम भविष्य के गर्त में है। वर्तमान विधानसभा को पांच साल तक चलना है। यह एक लंबा कालखंड होता है। इतने दिनों में स्वर्णरेखा से न जाने कितना पानी बह चुका रहेगा। पांच बसंत, हेमंत, शिशिर, ग्रीष्म और वर्षा के मौसम बीत जाएंगे। वक्त बताएगा कि झारखंड की गठबंधन सरकार झारखंड को कितना आगे या पीछे लेकर जाएगी। पहले सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्षी दल के सदस्यों ने अपनी भूमिका में दिखाई दिए। सबने खुलकर अपनी बातें रखी।

चार दिनों के छोटे से सत्र में जितने काम होने चाहिए , वे सभी काम निपट गए। छठी विधानसभा के सभी सदस्यों को सदस्यता की शपथ दिलाई गई। नए स्पीकर का चुनाव कराया गया। रवींद्र नाथ महतो दुबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड विधानसभा में बतौर राज्यपाल अपना पहला भाषण किया।

अभिभाषण में राज्यपाल ने सरकार के भविष्य की योजनाओं और रोड मैप रखा। दरअसल झामुमो की चुनावी घोषणाएं ही राज्यपाल के अभिभाषण में समाहित की गईं थीं। सदन में सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष का दूसरा अनुपूरक बजट पेश कर पास करा लिया गया। सत्र के पहले दिन डेढ़ घंटे में सभी 80 सदस्यों का शपथ कार्यक्रम हो गया। दूसरे दिन एक घंटे के अंदर स्पीकर का चुनाव और सदस्यों के भाषण की औपचारिकताएं पूरी हो गईं। तीसरे दिन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का अभिभाषण हुआ। उसी दिन 11697.45 करोड़ का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया गया। झारखंड के नए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पहली बार बतौर मंत्री अनुपूरक बजट पेश किया। सदन के आखिरी दिन गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर पूर्वार्द्ध में दो घंटे चर्चा हुई। सत्ता पक्ष ने राज्यपाल के अभिभाषण की सराहना करते हुए सरकार का गुणगान किया। वहीं विपक्षी दल ने राज्यपाल के अभिभाषण को आधार बनाकर सरकार को घेरने की कोशिश की। विपक्ष की ओर से सदन में आए नए और नौजवान सदस्यों ने पहले ही सत्र में अपने तेवर और अंदाज से जता दिया है कि वे सरकार को उसकी गलतियों पर किसी भी हाल में छोड़ने वाले नहीं हैं।

सदन में एक दिलचस्प बात देखने को मिली। बाबूलाल मरांडी लगभग पांच साल बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता के तौर पर खुलकर बोले। बाबूलाल मरांडी ने बहुत संक्षिप्त में अपनी बातें रखीं। उन्होंने बिलकुल तय बिंदुओं पर सरकार को घेरते हुए उसकी घोषणाओं और योजनाओं की ओर इशारा किया। उनके भाषण में गंभीरता और एक वरिष्ठ नेता का अंदाज साफ झलक रहा था। आजसू के नौजवान विधायक निर्मल महतो और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के विधायक जयराम महतो ने खुलकर अपनी बातें रखीं। दोनों नौजवान विधायकों ने अपने जो तेवर दिखाए हैं, सरकार को इनसे सावधान रहना होगा। सत्ता पक्ष की ओर से अभी भी कई मंत्री और पुराने विधायक अनियंत्रित बोलियों से विवादों में घिरे दिखते हैं।

अब सदन के अंदर असली राजनीतिक द्वंद्व अगले साल फरवरी में होनेवाले बजट सत्र में दिखाई देगा, जब सरकार चार महीने की प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत होगी। और विपक्ष सरकार को घेरने के लिए अपने सभी हथियार तैयार कर के सामने आएगा। तब तक हमें इंतजार करना होगा।

चिंताजनक हैं किशोरों द्वारा हिंसा और अपराध की बढ़ती वारदातें

मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में बेहद गंभीर हैवानियत भरा मामला सामने आया है गोरखपुर में भाभा रिसर्च इंस्टीट्यूट के साइंटिस्ट की पत्नी की हत्या की वारदात को उनके नाबालिग बेटे ने ही वारदात को अंजाम दिया। वजह सिर्फ इतनी थी कि मां ने स्कूल जाने के लिए बेटे को जगा दिया था। गुस्से में उसने मां को धक्का दिया। उनका सिर दीवार से टकरा गया।वह गंभीर रूप से जख्मी हो गईं, लेकिन बेटा उन्हें अस्पताल नहीं ले गया, बल्कि मां को छोड़कर स्कूल चला गया। खून बहने से मां की मौत हो गई। 5 दिन तक मां की लाश के साथ रहा।6 दिन तक पत्नी से बात न होने पर साइंटिस्ट घर पहुंचे। दरवाजा खुला था और बदबू आ रही है। अंदर गए तो देखा पत्नी की लाश फर्श पर पड़ी थी। बेटे ने पिता-पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की।उन्हें बताया कि गिरने की वजह से मां की मौत हुई। मगर जब पोस्टमॉर्टम हुआ तो लाश 6 दिन पुरानी निकली। इसके बाद पुलिस ने नाबालिग से सख्ती से पूछताछ की, तो उसने जुर्म कबूल कर लिया।यह वारदात नाबालिग किशोरों द्वारा पेशेवर अपराधियों की तर्ज पर अपराधिक वारदात कारित करने की बढ़ती मनःस्थिति को उजागर करती है। आज फिल्मी स्क्रीन ओटीटी प्लेटफार्म तथा सोशल मीडिया पर लगातार दिखाई जाने वाली हिंसक सामग्री का किशोरों और युवाओं के मन पर बेहद दुष्प्रभाव पड़ रहा है जिससे उनमें यौन अपराध तथा हिंसा की भावना कुलांचे भर रही है। पिछले एक महीने में किशोर बाल अपचारियो की करतूतों पर नजर डालें तो रूह कांप जाएगी।

12 नवम्बर को छतरपुर (मध्य प्रदेश) में एक युवक ने अपने पिता %पूरन रैकवार% को पीट-पीट कर मार डाला क्योंकि उसका पिता बचपन में उसे शरारत करने पर पीटा करता था तथा बड़ा होने पर उसकी शादी भी उसकी मनपसंद लड़की से नहीं करवाई जिसका बदला उसने इस प्रकार लिया।

14 नवम्बर को नालंदा (बिहार) के गांव छोटीआट में एक लड़की से छेड़छाड़ करने वाले नाबालिग को गांव के मुखिया कारू तांती द्वारा दंडित किए जाने पर उसने गुस्से में आकर अपने 2 साथियों के साथ मिल कर कारू तांती की हत्या कर दी।23 नवम्बर को मुम्बई लोकल ट्रेन में सीट को लेकर हुए झगड़े में एक 16 वर्षीय किशोर ने अंकुश भालेराव नामक 35 वर्षीय एक यात्री की चाकू घोंप कर हत्या कर दी।27 नवम्बर को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर एक व्यक्ति की चाकू से गोद कर हत्या कर देने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित 5 आरोपियों को पकड़ा। 5 दिसम्बर को दक्षिण दिल्ली में अर्जुन तंवर नामक एक युवक ने अपने माता-पिता तथा बड़ी बहन की हत्या कर दी क्योंकि अर्जुन तंवर हमेशा यह महसूस करता था कि उसके माता-पिता उसकी तुलना में उसकी बड़ी बहन को अधिक तवज्जो दे रहे हैं। 5 दिसम्बर को ही दुर्ग (छत्तीसगढ़) के जेवरा गांव में एक विवाह समारोह में रसगुल्ले को लेकर हुए विवाद के परिणामस्वरूप एक नाबालिग ने चाकुओं से वार करके सागर ठाकुर नामक युवक को मार डाला।6 दिसम्बर को रायचोटी (आंध्र प्रदेश) में जिला परिषद उर्दू स्कूल में सय्यद अहमद नामक एक अध्यापक द्वारा 3 छात्रों को कक्षा में शोर मचाने से मना करने पर उन्होंने अध्यापक सय्यद अहमद पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई।6 दिसम्बर को ही छतरपुर (मध्य प्रदेश) जिले के धमोरा गांव में सरकारी हायर सैकेंडरी स्कूल की 12वीं कक्षा के नाबालिग छात्र सदम यादव ने अपने एक साथी के साथ मिल कर अपने स्कूल के प्रिंसीपल एस.के. सक्सेना की गोली मार कर हत्या कर दी। प्रिंसीपल ने सदम यादव को मात्र इतना समझाया था कि बेटा सुधर जाओ, बिगड़ो मत।

7 दिसम्बर को कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के यारा गांव में पैसों के लेन- देन से तंग आकर शाहाबाद कोर्ट में कार्यरत कर्मचारी दुष्यंत ने अपने माता- पिता और पत्नी की हत्या करने के बाद कोई जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। आरोपी ने अपने 13 वर्ष के बेटे को भी कोई जहरीला पदार्थ खिला दिया लेकिन उसे बचा लिया गया।8 दिसम्बर को नोएडा के मंगरोली गांव में 9वीं कक्षा के एक छात्र द्वारा अपनी भाभी से शादी करने की खातिर अपने भाई की हत्या कर देने का मामला सामने आया। नाबालिग छात्र का कहना है कि उसके अपनी भाभी से अवैध संबंध थे और वह उससे शादी करना चाहता था।

यह तो सिर्फ चंद वारदातों की बानगी है। लगातार ऐसी वारदातों की झड़ी लगी है कहीं जरा सा डांट-फटकार पर किशोर बुजुर्ग दादी दादा का कत्ल करने से भी नहीं चूक रहे हैं तो कहीं सरेराह गोली चाकू मारकर हत्या कर रहे हैं कई बार शातिर अपराधियों के गिरोह किशोरों से हत्या लूट जैसी वारदातों को अंजाम दिला रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि किशोर अपचारियो को कुछ समय सुधारगृह में रखकर छोड़ दिया जाएगा। किशोर अपचारियो के लिए बनाए गए कानून ही अब बाल व किशोरों को एक से बढ़कर एक संगीन अपराध करने के लिए गलत प्रेरणा का माध्यम बन गए हैं।

ओटीटी प्लेटफार्म , सोशल मीडिया पर अनियंत्रित हिंसा सेक्स की उल जलूल रील तथा फिल्मों में हिंसा के चित्रण से बाल मनोवेग दूषित हो रहा है इस के अलावा युवाओं में बढ़ रही इस हिंसक प्रवृत्ति के अन्य प्रमुख कारणों में अभिभावकों की बच्चों के प्रति उदासीनता, धार्मिक व सामाजिक संगठनों की नकारात्मक भूमिका आदि शामिल हैं।आजकल हमारे समाज में बच्चों को नैतिकता सदाचार और आत्मानुशासन सिखाने के स्थान पर झूठ कपट और बिना मेहनत किए सुगम रास्ते से अधिकाधिक धन कमाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

अतः इस समस्या से बचने के लिए न केवल शिक्षा संस्थानों में नैतिकता के आचरण को पाठ्यक्रम में शामिल कर उस के व्यवहारिक प्रशिक्षण को लागू करने की जरूरत है वहीं धार्मिक सामाजिक संगठनों को आगे आना होगा सिर्फ कर्म कांड धार्मिक आचरण से इत्र मानवीय मूल्यों का महत्व जीवन में आत्मसात करने के लिए मानवता का पाठ पढ़ाने का पर्याप्त इंतजाम करना चाहिए। अभिभावकों को भी शुरू से ही अपने बच्चों के आचरण को परख कर मनोवैज्ञानिक तरीके से उनके आचरण को सुधारने की कोशिश करना चाहिए । बच्चे समाज के कर्णधार है इनके चाल चरित्र की रक्षा करना सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

पाकुड़ की खबरें

सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर सीओ से की शिकयत

संताल एक्सप्रेस महेशपुर (पाकुड़)थाना क्षेत्र बसकेन्द्री पंचायत अंतर्गत बासमती गांव में सरकारी जमीन को अतिक्रमण कर जबरन कब्जा करने का मामला सामने आया है ।मामले को लेकर बासमती निवासी सुनील भगत ने अंचलाधिकारी के नाम लिखित आवेदन देकर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर कब्जा पर रोक लगाने तथा कार्रवाई करने की मांग की है । सुनील भगत ने आवेदन में उल्लेख किया है उसका घर के सामने अवस्थित सरकारी जमीन है और उक्त जमीन को धनज गोस्वामी, मनोज गोस्वामी ,सावित्री देवी द्वारा जबरन बल पूर्वक घेर रहा है और मना करने पर जान का दुश्मन बनकर जान मारने की धमकी दे रहा है । मामला जो भी हो फिलहाल प्रशासन को इस संज्ञान लेते सरकारी जमीन पर हो रही जबरन कब्जा पर रोक लगाते हुए कार्रवाई करने की जरूरत है । **किया कहते है सीओ**इस बावत जब सीओ संजय कुमार सिन्हा से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि जांच करने का निर्देश हल्का कर्मचारी व अमीन को दिया गया है जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कर्रवाई की जायेगी!

42 प्रतिशत मतदान प्राप्त कर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन ने मारी बाजी, कर्मचारियों में हर्ष

पाकुड़। पूरे देश में रेलवे श्रमिक संगठनों की मान्यता के लिए चार-पांच एवं छह दिसंबर को रेलवे कर्मचारी यूनियन की विधिवत चुनाव की गई। इस चुनाव में ई आर ई यू, ई आर एम सी, ई आर एम यू, ई आर टी एम सी, पी आर के एस कुल पांच संगठनों ने भाग लिया। सरकार के निर्देशानुसार मान्यता हेतु कम से कम संगठन को 30त्न मत प्राप्त करना था। इस क्रम में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के शाखा सचिव संजय कुमार ओझा एवं शाखा अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे, रेलवे पुलिस ने पाकुड़ पदाधिकारियों को पोलिंग बूथ एवं स्ट्रांग रूम की तैयारी का एवं अन्य सुरक्षा संबंधी विषयों पर अपने सुझाव दिए थे । रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक कुलदीप कुमार को पदाधिकारी ने सुरक्षा संबंधी सुझाव दिए। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के संबद्ध संगठन एवं नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मैन से संबद्ध संगठनों की मान्यता से के लिए होने वाले चुनाव के लिए कर्मचारियों के बीच काफी प्रचार अभियान चलाया । फल स्वरुप 4- 5 एवं 6 दिसंबर को शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हुआ। विगत 2013 में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन हावड़ा मंडल में सबसे ज्यादा मत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर था । इस वर्ष चुनाव की बात करे तो सभी मंडल कार्यालय में शांतिपूर्ण मतगणना का कार्य किया गया।सभी मंडल कार्यालय की मतगणना को एक साथ मिलकर पूर्व रेलवे में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन ने 42त्न मत प्राप्त कर प्रथम स्थान में परचम लहराने में सफल रहा वहीं ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस 40त्न मत प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रहा, पी आर के एस 6.55 त्न, इआरटीएमसी 6.20 प्रतिशत मतदान प्राप्त हुए वहीं ई आर ई यू 4.56त्न मत प्राप्त कर पांचवा स्थान हासिल किया है। जीत प्राप्त करने के बाद पाकुड़ में खुशी का माहौल देखी जा रही है। कर्मचारी एक दूसरे को अवीर गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे हैं।

खनिक स्वास्थ्य जाँच शिविर पहुंचे उप निदेशक सुरक्षा खान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

हिरणपुर (पाकुड़)खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद के तत्वधान में गुरुवार को खनिक स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन पत्थर औद्योगिक क्षेत्र सीतपहाड़ी में किया गया ।आयोजित शिविर पत्थर कारोबारी सह समाजसेवी लुत्फ़ल हक के सहयोग से किया गया.जिसमें मुख्य अतिथि डिप्टी डाइरेक्टर ऑफ़ माइंस सेफ्टी मिथलेश कुमार उपस्थित थे । डिप्टी डायरेक्टर ने कहा की लुत्फ़ल हक़ के माध्यम से स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया है ।उनके द्वारा निरन्तर सभी गांवों में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जाता रहा है।उन्होंने खदान में काम कर रहे मजदूरों से बातचीत के क्रम में कहा की ज़ब आपलोग खनन क्षेत्र में काम करेंगे तो सुरक्षा का जरूर ध्यान रखें ।स्वास्थ्य जाँच पर विशेष ध्यान देते हुए बताया की पत्थर खदान में कार्य करने वाले मजदूर सिलिकोसिस नामक बीमारी से ग्रसित हो जाते है ।जो सीधे फेफड़ों पर असर करता है ।सिलिकोसिस एक फेफड़ों की बीमारी है । जहाँ आप सिलिका युक्त धूल में सांस लेते हैं।यह रेत,चट्टान या क्वार्ट्ज जैसे खनिज अयस्कों में पाया जाने वाला एक छोटा क्रिस्टल है।समय के साथ,सिलिका आपके फेफड़ों व श्वास नलिकाओं में जमा हो सकता है ।इससे निशान पड़ जाते हैं । जिससे सांस लेना मुश्किल हो जाता है व मजदूर मौत के गाल में समा जाते है। इस लिए ज़ब भी स्वास्थ्य शिविर लगती है ।आप स्वास्थ्य जाँच कराएं । उधर चिकित्सक डा. तीतास मल्लिक ने बारी बारी से खदान व क्रशर में काम कर रहे मजदूरों की स्वास्थ्य जाँच किया गया व दवा का वितरण किया गया ।इस मौके पर खदान संचालक राजीबूल शेख सहित काफ़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे।

डीसी ने यातायात और सड़क सुरक्षा को लेकर की बैठक

पाकुड़। गुरुवार को शहरी परिवहन, यातायात एवं सड़क सुरक्षा को लेकर समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त मनीष कुमार ने बैठक कर जिले में सड़क हादसों को कम करने के उद्देश्य से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। दुर्घटनाओं में मृत व घायलों से जुड़ी जानकारी को अपडेट रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले में दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से सभी घटनाओं के डेटा को संग्रहित कर एनालेसिस करने का निर्देश दिया है। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए ब्लैक स्पॉट को चिह्नित करते हुए उन स्थानों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि ब्लैक स्पॉट पर हादसों में कमी लाई जा सके। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब बनाने व रोड सेफ्टी एग्जीबिशन का आयोजन जनवरी में करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी हाइवा की भी जांच सुनिश्चित करने का आदेश दिया।इस क्रम में उन्होंने टोटो चालक, समाजसेवी के साथ सड़क जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित करने की भी बात कही। परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान वित्तिय वर्ष में 3 लोगों को इसका लाभ दिया गया है।वहीं गुड सेमेरिटन योजना के तहत 3 लोगों को चिंहित किया गया है।बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, एमवीआई, सड़क सुरक्षा के कर्मी उपस्थित थे।

कोयला लदा तीन बाइक जब्त

हिरणपुर (पाकुड़) गुप्त सूचना के आधार पर हिरणपुर पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र के धनगड़ा में कोयला लदे 3 मोटरसाइकिल को पकड़ा गया है। हिरणपुर थाना प्रभारी नवीन कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि धनगड़ा होकर अवैध कोयला की तस्करी हो रही है। जिसपर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में एसआई आरडी सिंह समेत पुलिस बल ने छापेमारी की। जहां कोयला लदे 3 मोटरसाइकिल जब्त किया गया। वहीं छापेमारी की भनक लगते ही तस्कर मौके से भाग निकले। इस बाबत थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि अवैध रूप से कोयला के तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए छापेमारी आगे भी जारी रहेगी।

बीडीओ, सीओ ने दुकानों का किया औचक निरीक्षण, पान-मसाला नहीं बेचने का दी हिदायत

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता, सीओ औसफ अहमद खां सहित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर खालिद अहमद ने गुरुवार को प्रखंड के मुख्य बाजार के कई राशन दुकानों, चाय दुकानों सहित सामान्य सामग्रियों की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों में पान-मसाला, तम्बाकू, सिगरेट, गुटका सहित अन्य प्रकार की नशीली सामग्रियों की बिक्री नहीं करने की सख्त हिदायत दी। वहीं बीडीओ ने कहा कि अगर किसी भी दुकान में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ की बिक्री करते देखी जाएगी तो संबंधित दुकानदार पर जुर्माना लगाते हुए कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि पान-मसाला, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट सहित अन्य नशीली पदार्थ की बिक्री करना एक दंडनीय अपराध है। इसके सेवन से लोग आए दिन गंभीर बीमारी का शिकार होते हैं। इसलिए इसपर रोक लगाने के उद्देश्य से दुकानों का निरीक्षण किया गया है। मौके पर पुलिस बल मौजूद थे।

हिरणपुर बाजार को अतिक्रमण मुक्त को लेकर 24 घण्टे का अल्टीमेटम

हिरणपुर (पाकुड़)हिरणपुर बाजार को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर लिट्टीपाड़ा अंचल प्रशासन के द्वारा माइकिंग कर लोगो को 24 घण्टे का अल्टीमेटम दिया है। उपायुक्त के आदेशानुसार हिरणपुर बाजार के मुख्य सड़क , सरकारी मवेशी हाट , हिरणपुर -पाकुड़ पथ , हाट बाजार में व्याप्त अतिक्रमण को निर्धारित अवधि से पूर्व हटा लें। अन्यथा प्रशासन द्वारा हटाये जाने पर खर्च वसूला जाएगा। बहरहाल उपायुक्त की इस कार्रवाई को लेकर आमलोगों ने खुशी व्यक्त किया है। क्योंकि बाजार स्थित मुख्य सड़क में व्याप्त अतिक्रमण के कारण आये दिन सड़क जाम की स्थिति बन रही थी। वही वर्षो से जर्जर अवस्था मे पड़े नालियों का जीर्णोद्धार कार्य भी नही हो पा रहा था। बाजार स्थित मुख्य सड़क में नालियों की गंदा पानी की बहाव से दुर्गंध फैल रहा था। हिरणपुर बाजार में अतिक्रमण को लेकर सभी पथों में समुचित कार्रवाई होना नितांत आवश्यक है।

विद्यालय प्रबंधन समिति गठन में हंगामा, निष्पक्षता की मांग पर अड़े ग्रामीण

संवाददाता

मधुपुर । उत्क्रमित मध्य विद्यालय केसरगढ़ा में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के निर्देशानुसार विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के गठन के लिए आमसभा आयोजित की गई। पर्यवेक्षक आलमगीर अंसारी और रंजना कुमारी की देखरेख में यह प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन पूर्व अध्यक्ष अमीन अंसारी के कथित दबाव और अनुचित हस्तक्षेप के कारण प्रक्रिया में हंगामा हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि अमीन अंसारी ने पिछली बार गठित प्रबंधन समिति को ही पुनः बहाल करने का प्रयास किया। इस पर ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति जताई और पारदर्शिता की मांग करते हुए प्रक्रिया को रोकने की मांग की। सभा में शरीफ मियां, आलम अंसारी, सिद्दीक अंसारी, सिकंदर

अंसारी, शाहिद अंसारी, सद्दाम अंसारी, रिजवान अंसारी, इरफान अंसारी, और आशिक अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। उन्होंने स्पष्ट रूप से पिछली समिति को नकारते हुए निष्पक्ष चुनाव की मांग की। विवाद बढ़ता देख मौके पर मधुपुर थाना के सब-इंस्पेक्टर औरंगज़ेब और मुखिया प्रतिनिधि कलाम अंसारी ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने सभी पक्षों को शांत करते हुए जोर देकर कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन निष्पक्ष और सभी क्षेत्रीय पंचायतों की भागीदारी के साथ होना चाहिए। ग्रामीणों ने समिति गठन में पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग को लेकर प्रशासन से हस्तक्षेप की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी दबाव या पक्षपात के आधार पर बनाई गई समिति को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

10 जनवरी तक बच्चों को विटामिन ए की दी जाएगी संपूर्ण खुराक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । झारखंड मातु शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण माह 2024 के दूसरे अर्थवर्षिक चक्र विटामिन ए राउंड का उद्घाटन प्रभारी सिविल सर्जन सह प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पीके शर्मा,जिला कार्यक्रम प्रबंधक समरेश सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा सदर अस्पताल टीकाकरण स्थल पर दीप प्रज्वलन करके किया गया।विटामिन ए राउंड दूसरे अर्धवार्षिक चक्र 10 दिसंबर 2024 से 10 जनवरी 2025 तक पूरे देवघर में किया जाना है। जिसमें 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए का संपूर्ण खुराक देवघर जिले के 188640 बच्चों को दिया जाएगा। इस अभियान के

दौरान 5 वर्षों तक के बच्चों की स्क्रीनिंग एवं चिन्हित बच्चों की कुपोषण उपचार केंद्र में रेफर किया जाएगा। 6 माह से 59 माह के बच्चों को आई एफ सिरप का सप्ताह में 2 दिन दिया जाएगा। ए एन एम द्वारा 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी सैया तथा आंगनबाड़ी सेविका बच्चों को क्रमबद्ध तरीके से सत्र तक आने के लिए प्रोत्साहित करेगी।इस अवसर पर बीटीटी शंकर दयाल कासिम अंसारी एएनएम उपस्थित थे।

संकुल के शिक्षकों की बैठक आयोजित

देवघर । सारठ प्रखंड अंतर्गत करैहिया संकुल के शिक्षकों की बैठक गुरुवार को बुनियादी विद्यालय सबैजोर में सीआरपी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शिशु पंजी संधारण एवं अपार आईडी जल्दी तैयार करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। 3 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों का विस्तृत विवरण एकत्रित करने का निर्देश दिया गया। शिशु पंजी प्रपत्र में कुल 52 कालम में बच्चों से संबंधित सही जानकारी भरने की जानकारी दी गई।

कार्यालय, नगर परिषद, दुमका
e-mail – dumka.nagar.parshad@gmail.com

।। अतिअल्पकालीन दर उद्धरण रद्द सूचना।।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन दर उद्धरण सूचना संख्या – 13/2024–25 (PR 333235 – District (24-25)_D अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

प्रशासक,
नगर परिषद, दुमका

PR 341862 (District)24-25*D

धान लदा ट्रैक्टर पलटा, बाल बाल बचा चालक

पक्की सड़क जोरिया में पुलिया निर्माण की मांग वर्षो से अधूरा

संवाददाता

मोहनपुर । हर गांव को पक्की सड़क और पुल पुलिया के जरिए से शहर से जोड़ने के सरकारी दावे देवघर जिले के बलजोरा गांव में दम तोड़ रही है। ऐसे में अब बलजोरा दतखिंचवा के पास लापरवाही और उदासीनता के कारण जगह-जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन दिनों धान से भरे हुए वाहन का लगातार आगमन इसी कच्ची सड़क से हो रहा है। कच्ची सड़क में बने इन गड्ढों में दतखिंचवा जोरिया के पास फंसकर धान से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली गुरुवार को पलट गई।गनीमत तो ये रही की घटना में कोई हताहत नहीं हुई।ग्रामीणों की सहयोग से ट्रैक्टर ट्राली को उठाया गया। लेकिन खस्ता कच्ची सड़क की वजह से किसी बड़ी दुर्घटना का दावत को इंतजार नहीं किया जा सकता है। इस मार्ग पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर किसी भी जिम्मेदार का ध्यान नहीं जा रहा है।लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि सड़क की दुर्दशा पर ध्यान नहीं दे रहे हैं किसानों को

अपना धान बेचने के लिए इसी जानलेवा कच्ची सड़क से ही गुजरना पड़ रहा है अपनी परेशानी को कई बार जनप्रतिनिधि के सक्षम रखने के बाद भी उनकी समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो अगर इस दतखिंचवा जोरिया पर पुलिया का निर्माण हो जाए तो एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों को भी देवघर आने जाने में काफी सुहूलियत होगी। इसके अलावा इस रास्ते से मोहनपुर प्रखंड कार्यालय जाने में काफी कम दूरी तय करनी पड़ेगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, देवघर

शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भवन प्रमंडल देवघर द्वारा प्रकाशित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/2024–25 जिसका पी0 आर0 संख्या–340792 Building (24–25) D के निविदा को अपरिहार्य कारणो से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल देवघर

PR 341829 Building(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–
RDSD/DMK/PM-ABHIM/36/2024-25/RE-3

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित की राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
01	दुमका जिला के अन्तर्गत चिहिन्त सदर अस्पताल दुमका में Integrated Public Health Unit (IPHL) के भवन निर्माण हेतु।	63,90,688.00	1,28,000.00	10000.00	6 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 18.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–26.12.2024(अपराह्न 5:00 बजे तक)।
4. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
5. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 26.12.24(समय 2:00 बजे अपराह्न)।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दुरभाष संख्या :– 7091279444
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही आपकी होगी।
10. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,दुमका

PR 341885 Rural Work Department(24-25).D

एम्स में अध्यनरत छात्र -छात्राओं को दी गयी विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर एम्स में अध्यनरत छात्र -छात्राओं को एन0सी0डी0कोषांग अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।एम्स में अध्यनरत एम0बी0बी0एस0के छात्र - छात्राओं को एन0सी0डी0कोषांग अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों

(राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, बुजुर्गों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम,राष्ट्रीय प्रशामक देखभाल कार्यक्रम,राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम) की विस्तृत जानकारी दी गयी।उक्त प्रशिक्षण में एन0सी0डी0 कोषांग से डॉ0 मनोज कुमार गुप्ता (नोडल पदाधिकारी,एन0सी0डी0 कोषांग ,देवघर)डॉ मनीष शेखर ,डॉ अलका कुमारी,डॉ सुदीप भट्टाचार्य,डॉ कुमार सत्यम,शशि शेखर,सुहानी सिन्हा,रवि कुमार सिन्हा,रवि चन्द्र मुर्मू अभिषेक लाल, इत्यादि उपस्थित रहे।

कांग्रेस विधायक दल का नेता प्रदीप यादव को बनाए जाने पर प्रो उदय प्रकाश ने दी बधाई

देवघर। झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता के रूप में पोड़ियाहाट विधायक प्रदीप यादव को बनाए जाने पर देवघर जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय ने बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सचेतक के रूप में बेरमो विधायक जय मंगल सिंह तथा उपनेता राजेश कश्यप को बनाए जाने पर उन्हें भी बधाई दी।

झारखण्ड सरकार
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका।

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
ई–निविदा प्रसंग सं0 :–RCD/FSD /AP/ DUM/20/2024-25
दिनांक:–12.12.2024

1.	कार्य का नाम	**Consultancy services for preparation of viability and financial option analysis/Feasibility Study of Dumka-Hansdiha Road in PPP MODE.** Road Construction Department, Government of Jharkhand (GOJ) invites sealed lump sum financial proposals for **Consultancy services for preparation of viability and financial option analysis/Feasibility Study of Dumka-Hansdiha Road in PPP MODE** in connection with the construction subject mentioned road from consultants empanelled in Category- I with the Department vide letter no 3063(S) WE dated 22.08.2022are allowed to bid only.
2.	अनुमानित लंबाई (मीटर)	42 कि०मी०
3.	कार्य समाप्ति की अवधि	20 दिन
4.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय	16.12.2024, 10.30 बजे पूर्वाह्न
5.	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	23.12.2024, 12.00 बजे अपराह्न तक
6.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	24.12.2024, 12.30 बजे अपराह्न
7.	निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका।
8.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क नं0	8292901787
9.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल को हेल्पलाईन नं0	0651–2401010

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें:–http://jharkhand tenders .gov.in

कार्यपालक अभियंता,
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना,
पथ निर्माण विभाग, दुमका।

PR.NO.341874 Road(24-25):D

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर
(जिला भू–अर्जन शाखा)
दूरभाष सं० :–06432-232680 फैक्स :–06432-232967 ई–मेल :–deoghardlao@gmail.com

ज्ञापांक :–843/भू अ०, दिनांक :–11.12.2024

–: आम सूचना :–

बजरिये सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि **एन०एच०–114ए कि०मी० 141.00 से कि०मी० 184.00 तक पहुँच पथ निर्माण हेतु मौजा–बभनगामा, थाना नं0–121** में भूमि अधिग्रहण किया गया है जिसमें निम्न प्लॉटों का स्वामित्व/पर्चा उपलब्ध नहीं कराने के कारण अधिग्रहित भूमि को मुस्तवाहा घोषित किया गया है। मुआवजा भुगतान लंबित रहने के कारण परियोजना मे कार्य बाधित है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि संबंधित अधिग्रहित भूमि के यदि कोई उत्तराधिकारी हो तो आम सूचना के 07 दिनों के अंदर दावा प्रस्तुत करें ताकि नियमानुसार उनके दावा को सत्यापन कर मुआवजा का भुगतान किया जा सकें। निर्धारित समय पर दावा प्राप्त नहीं होने पर समझा जाऐगा की उपरोक्त अर्जित भूमि पर किसी का दावा नहीं है एवं तदनुसार अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्राधिकार न्यायालय, दुमका को मामला अग्रसारित किया जायेगा। अर्जित भूमि की विवरणी निम्न प्रकार हैं :–

क्र0	दाग सं0	अर्जित रकवा	मुआवजा राशि
1	1887	0.11	521993
2	1917	0.01	47454
3	1916	0.02	94908
4	1915	0.04	189816
5	1936	0.33	1565979
6	1938	0.01	47454
7	1937	0.06	284723
8	2006	0.05	237270
9	2007	0.07	332177
	कुल–	**0.70**	**3321774**

इसे अतिआवश्यक समझे।

ह०/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
देवघर।

PR 341826 (Deoghar) 24-25 (D)

मनरेगा योजनाओं का देवीपुर बीडीओ ने किया निरीक्षण

देवघर । देवीपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बारला के द्वारा देवीपुर प्रखंड क्षेत्र के झुंडी पंचायत के विभिन्न गांव में जाकर मनरेगा योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ विजय राजेश बारला ने मनरेगा योजना अंतर्गत सिंचाई

कूप निर्माण,आम बागवानी,मेड़बन्दी निर्माण का निरीक्षण किया। इसके अलावे अबूआ आवास योजना का निरीक्षण किया। इस मौके पर झुंडी पंचायत के मुखिया लुखीमुनि बास्की, बीपीआरओ बिनोद कुमार, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, लाभुक समेत कई लोग मौजूद थे।

खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन

देवघर । मोहनपुर प्रखंड क्षेत्र के बैजनडीह स्थित रवींद्रनाथ टैगोर कृषि महाविद्यालय देवघर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। जिसमें अध्यनरत सभी सत्र के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कृषि कॉलेज के एसोसिएट डीन डॉ. असीम कुमार मंडल ने फीता काट कर और दीप प्रज्वलित कर विधिवत वार्षिक खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन कैरम,चेस हाई जंप,लॉन्ग जंप,डिस्कस थ्रो,कबड्डी, क्रिकेट आदि खेलों का आयोजन किया गया। क्रिकेट में थर्ड ईयर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर मैच जीत लिया. नवदीप राहुल और अभिषेक ने शानदार बल्लेबाजी तथा बोलर सत्यम पांडेय ने तीन विकेट लिए। मंच का संचालन खेल कोर्डिनेटर डॉ अखिलानंद दुबे ने किया.तारा शंकर,सर्वेश कुमार,जय प्रकाश,प्रियंका नंदी,रेमा दास, अदिति एलिजा तिर्की,प्रमीत पंडित,चमन कुमार,सूरज माली उपस्थित थे।

27 को मनाई जाएगी श्री महाराजा अहिबरन की जयंती

देवघर। 13 दिसंबर को बरनवाल युवक संघ की एक बैठक बरनवाल सेवा सदन में रखी गई। जिसमें मुख्य रूप से यह निर्णय लिया गया कि श्री महाराजा अहिबरन जयंती समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम 27 दिसम्बर (शुक्रवार) को मनाया जाएगा। बरनवाल सेवा सदन देवघर के प्रागंण में यह कार्यक्रम भव्य रूप से मनाने का निर्णय समाज के द्वारा लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता बरनवाल युवक संघ के अध्यक्ष सर्वोत्तम बरनवाल ने की, उपाध्यक्ष अजय मोदी, सचिव पंकज कुमार,कोषाध्यक्ष नीरज कुमार मीडिया प्रभारी अमित कुमार भारती,सुधांशु शेखर बरनवाल,भीम प्रसाद बरनवाल,अशोक बरनवाल (पत्रकार)आदित्य बरनवाल, राजेश बरनवाल , राजन शशि, विश्वनाथ बरनवाल, परमानन्द बरनवाल,रबीन बरनवाल,विश्वनाथ बरनवाल, प्रहलाद बरनवाल, राजेश बरनवाल, पप्पू बरनवाल, पंकज बरनवाल जी (गब्लू) पंकज बरनवाल, राजेश बरनवाल,आदि सैकड़ो संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

देवघर। सड़क हादसे में दो व्यक्ति घायल हो गये। पहली घटना नगर थाना क्षेत्र के बस पड़ाव के पास गुरूवार की सुबह की है। जहां एक बाइक सवार ने अधेड़ व्यक्ति को धक्का मार दिया और फरार हो गया। इस घटना में दुमका जिला के जरमुंडी थाना क्षेत्र के मदनपुर निवासी गणेश दास घायल हो गया। घायल की पत्नी ने बताया कि बुधवार की शाम को एक सड़क हादसे में उसका पुत्र विष्णु दास गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। उसी के साथ दोनों पति- पत्नी सदर अस्पताल में थे। बताया कि सुबह बेटा के सास और ससुर बस स्टेंड में उतरने वाले थे। उसे लेने वह बस स्टेंड गये थे। उसी दौरान एक बाइक सवार तेजगति से बाइक चलाते हुए आया और धक्का मारकर फरार हो गया।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, देवघर
(जिला भू–अर्जन शाखा)
दूरभाष सं० :–06432-232680फैक्स :–06432-232967 ई–मेल :–deoghardlao@gmail.com
ज्ञापांक :–845/भू अ०, दिनांक :–11.12.2024

–: आम सूचना :–

बजरिये सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि एन०एच०–114ए कि०मी० 141.00 से कि०मी० 184.00 तक पहुँच पथ निर्माण हेतु मौजा–सारठ, थाना नं0–132 में भूमि अधिग्रहण किया गया है जिसमें निम्न प्लॉटों का स्वामित्व/पर्चा उपलब्ध नहीं कराने के कारण अधिग्रहित भूमि को मुस्तवाहा घोषित किया गया है। मुआवजा भुगतान लंबित रहने के कारण परियोजना मे कार्य बाधित है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि संबंधित अधिग्रहित भूमि के यदि कोई उत्तराधिकारी हो तो आम सूचना के 07 दिनों के अंदर दावा प्रस्तुत करें ताकि नियमानुसार उनके दावा को सत्यापन कर मुआवजा का भुगतान किया जा सकें। निर्धारित समय पर दावा प्राप्त नहीं होने पर समझा जाऐगा की उपरोक्त अर्जित भूमि पर किसी का दावा नहीं है एवं तदनुसार अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्राधिकार न्यायालय, दुमका को मामला अग्रसारित किया जायेगा। अर्जित भूमि की विवरणी निम्न प्रकार हैं :–

क्र0	दाग सं0	अर्जित रकवा	मुआवजा राषि
1	2479	0.09	284724
2	2484	0.13	411267
3	2595	0.16	506175
	कुल–	**0.38**	**1202166**

इसे अतिआवश्यक समझे।

ह०/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
देवघर।

PR 341824 Deoghar(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या– RDSD/DMK/UNTIED/34/2024-25/RE

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित की राशि (रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	दुमका जिला अन्तर्गत शिकारीपाड़ा प्रखंड के पंचायत जामुगड़िया में ग्राम सरायपानी बंडिया टोला में चाँदू मुर्मू के घर से बी0एस0एन0एल0 टावर होते हुए पुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	925500.00	18600	1250	2 माह
2	दुमका जिला अन्तर्गत मसलिया प्रखंड के पंचायत कुंजबोना में ग्राम डुमरिया में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	2055600.00	41500	5,000	3 माह
3	दुमका जिला अन्तर्गत मसलिया प्रखंड के पंचायत कुंजबोना में ग्राम पुतुलजोर गाजाटोला में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1644600.00	33000	5,000	3 माह
4	दुमका जिला अन्तर्गत दुमका प्रखंड के पंचायत बन्दरजोरी में ग्राम मोरटंगा में संतोष मंडल घर से ईमली गाछ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	684700.00	14000	1250	2 माह
5	दुमका जिला अन्तर्गत दुमका प्रखंड के पंचायत हरिपुर में ग्राम हरिपुर चौक से श्याम के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	985000.00	20000	1250`	2 माह
6	दुमका जिला अन्तर्गत दुमका प्रखंड के पंचायत मालभंडारो में ग्राम काटकुपी में लुखीराम घर के नीचे से जाहेर थान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	701700.00	14500	1250	2 माह
7	दुमका जिला अन्तर्गत दुमका प्रखंड के पंचायत केसियाबहाल में ग्राम केसियाबहाल नीचे टोला में अवशेष भाग में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	571100.00	11500	1250	2 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 18.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–26.12.2024 (अपराह्न 5:00 बजे तक)।
4. निविदा खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
4. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.12.2024 (समय 2:00 बजे अपराह्न)।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाश संख्या :–7091279444
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबावदेही आपकी होगी।
9. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, दुमका।

PR.NO.341881 Rural Work Department(24-25):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पाकुड़

ई- अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– 15/ 2024-25/RWD/EE/ PAKUR दिनांक– 12.12.2024
1. कार्य का विवरण :– DMFT योजना अन्तर्गत

क्र. सं.	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य राशि (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	RWD/ PAKUR/ 145 / 2024-2025	हाथी बथान मेन रोड से मरीडीह होते हुए नया टोला पहाड़िया तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–443 मी0)	3486300.00	70000.00	5000.00	3 माह
2	RWD/ PAKUR/ 146 / 2024-2025	चर्च से बड़ा जरा में कामवे पहाड़िया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–396 मी0)	2977900.00	60000.00	5000.00	3 माह
3	RWD/ PAKUR/ 147 / 2024-2025	सुका पहाड़िया का जमीन से चर्च के पास फिल्ड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–373 मी0)	2884600.00	58000.00	5000.00	3 माह
4	RWD/ PAKUR/ 148 / 2024-2025	मागभीठा स्कूल जाने वाले पी0सी0सी0 पथ में पुलिया से विजय के घर के खेत के पास मोड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–347 मी0)	2770000.00	55500.00	5000.00	3 माह
5	RWD/ PAKUR/ 149 / 2024-2025	विजय के घर के खेत के पास मोड़ से ट्रांसफॉर्मर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–321 मी0)	2885500.00	58000.00	5000.00	3 माह
6	RWD/ PAKUR/ 150 / 2024-2025	ट्रांसफॉर्मर से चमन काण्डो गॉव तक तक पी0सी0सी0 सह पुलिया निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–355 मी0)	3192600.00	64000.00	5000.00	3 माह
7	RWD/ PAKUR/ 151 / 2024-2025	ग्राम– कुशमडांगाल से नाला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–454 मी0)	3485600.00	70000.00	5000.00	3 माह
8	RWD/ PAKUR/ 152/ 2024-2025	बड़ा कुटलो से बोचोटोला पहाड़िया तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–677 मी0)	5332900.00	107000.00	10000.00	3 माह
9	RWD/ PAKUR/ 153 / 2024-2025	ग्राम–धुंधापहाड़ी नदी टोला में सोम टूडू के घर से पोखर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–206 मी0)	1999700.00	40000.00	5000.00	3 माह
10	RWD/ PAKUR/ 154 / 2024-2025	ग्राम– लिट्टीपाड़ा मनिक मुर्मू के घर से धुंधापहाड़ी पी0डब्लू0डी0 पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–559 मी0)	2345600.00	47000.00	5000.00	3 माह
11	RWD/ PAKUR/ 155 / 2024-2025	बरमसिया से मुलकधनी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–180 मी0)	1399800.00	28000.00	2500.00	3 माह
12	RWD/ PAKUR/ 156 / 2024-2025	छोटा जारा से बड़ा चतरा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–197 मी0)	1499500.00	30000.00	2500.00	3 माह
13	RWD/ PAKUR/ 157 / 2024-2025	ग्राम– जिरली में पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–238 मी0)	1799400.00	36000.00	5000.00	3 माह
14	RWD/ PAKUR/ 158 / 2024-2025	ग्राम– बादलपुर से चीनपाड़ा रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–329 मी0)	2489100.00	50000.00	5000.00	3 माह
15	RWD/ PAKUR/ 159 / 2024-2025	ग्राम– चीनपाड़ा रोड से कुशमडांगाल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–221 मी0)	1699200.00	34000.00	5000.00	3 माह
16	RWD/ PAKUR/ 160 / 2024-2025	ग्राम– जगतपुर से कुशमडांगाल सीमा नाला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–167 मी0)	1299800.00	26000.00	2500.00	3 माह
17	RWD/ PAKUR/ 161 / 2024-2025	डूमरचीर सुशील टोला ग्राम में पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–129 मी0)	999800.00	20000.00	1250.00	3 माह
18	RWD/ PAKUR/ 162 / 2024-2025	डमरू से ट्रासफॉर्मर मोड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–295 मी0)	2319200.00	46500.00	5000.00	3 माह
19	RWD/ PAKUR/ 163 / 2024-2025	ट्रासफॉर्मर मोड़ से सुका पहाड़िया का जमीन तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण (प्रखंड–लिट्टीपाड़ा, लं0–270 मी0)	2126300.00	43000.00	5000.00	3 माह

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 19.12.2024
3. ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 26.12.2024 अपराहन् 5:00 बजे।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 28.12.2024 अपराहन् 3:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पाकुड़।

विस्तृत जानकारी के लिये बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पाकुड़

PR 341863 REO (24-25)_D

डीआरडीए द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का बैठक कर डीसी ने की समीक्षा

गोड्डा । डीआरडीए स्थित सभागार में गुरुवार को उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में जिले के सुंदरपहाड़ी, पथरगामा एवं बसंतराय प्रखंड में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाएं यथा अबुआ आवास, पोटो हो खेल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा कूप संवंर्धन योजना, मानव दिवस, बिरसा हरित ग्राम योजना सहित अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक के दौरान अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मनरेगा की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत लंबित सभी आवास को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, बैद्यनाथ उरांव को अबुआ आवास योजना में आवास निर्माण की जांच करते हुए निरंतर समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। वहीं मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुंदरपहाड़ी एवं बसंतराय को वैसे सभी योजना जो वर्षों से पेंडिंग पड़े हुए हैं उन्हें अविलंब पूर्ण कराने, मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने तथा संबंधित पंचायत अंतर्गत चल रही कूप निर्माण एवं लंबित पोटो हो खेल मैदान सहित अन्य योजना को निर्धारित समय तक पूर्ण करने हेतु सख्त निर्देश दिया गया। इसके अलावा वैसे कर्मी जिनके द्वारा उक्त योजनाओं में लापरवाही बरती गई है, उन्हें शो-कोज करने एवं विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिया गया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, वैद्यनाथ उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुंदरपहाड़ी, प्रखंड विकास पदाधिकारी बसंतराय के अलावा संबंधित प्रखंडों के बीपीएम, पंचायत सचिव, जनसेवक ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सहित अन्य कर्मीगण मौजूद थे।

मध्यस्थता का कोई विकल्प नहीं : प्रधान जज

गोड्डा सं। परिवार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के अंतिम दिन शुक्रवार को उभय पक्षों की उपस्थिति में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जाएगा। वादी- प्रतिवादियों को भाग लेकर वादों का निपटारा कराने का आह्वान किया गया है। परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि यह पति- पत्नी के बीच सुलह के लिए सबसे बेहतर मौका है। मध्यस्थता का कोई विकल्प नहीं है। इसके माध्यम से निष्पादन कराने से फिजूलखर्ची व तनाव से सदा के लिए मुक्ति मिल जाती है। कहा कि पांच दिवसीय शिविर के दौरान अबतक कुल 17 मामले का निष्पादन हुआ है।अभियान के पहले दिन पांच, दूसरे दिन सात, तीसरे दिन एक मामले जबक चौथे दिन गुरुवार को चार मामले का निष्पादन किया गया। यह विशेष मध्यस्थता अभियान 09 दिसंबर से शुरू हुई जो 13 दिसंबर 24 तक जारी रहेगा।शिविर में मध्यस्थ के रूप में उग्रेश झा, जितेन्द्र दुबे, नूतन तिवारी, शादिक अहमद, धर्मेन्द्र नारायण,राजकुमार घोष, रीना डे, अजय कुमार साह, दिलीप कुमार झा, प्रदीप कुमार साह, श्वांति रानी, असलम, गौरी प्रिया, अनंत नारायण दुबे, अफसर हसनैन, शादिक अहमद आदि मामले की सुनवाई कर रहे हैं।

युवा महोत्सव का हुआ आयोजन, विभिन्न कला क्षेत्र में बच्चों ने किया अद्भुत प्रदर्शन

जामताड़ा संवाददाता। गुरुवार को नगर भवन में नेहरू युवा केंद्र और जिला खेल विभाग की ओर से युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। युवा महोत्सव में जिलेभर के बच्चों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। इस महोत्सव में कुल 11 विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोक नृत्य, एकल लोकगीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण, विज्ञान मेला और फोटोग्राफी जैसी प्रतिस्पर्धाएं शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।महोत्सव के समापन पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में केंद्रीय विद्यालय और अन्य स्कूलों के बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी कला की अनूठी छाप छोड़ी। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी टी पोद्दार और नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। नेहरू युवा केंद्र और खेलकूद विभाग के द्वारा आयोजित इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक जागरूकता और देशभक्ति की भावना को सशक्त करना था। इस महोत्सव के माध्यम से युवाओं को एक बेहतरीन मंच मिला, जहां उन्होंने अपनी कला और हुनर को प्रदर्शित किया। जिला युवा अध्यक्ष अभिषेक मंडल और जिला खेल पदाधिकारी टी. पोद्दार ने बताया कि इस आयोजन से युवा प्रतिभागियों को प्रोत्साहन मिला है, और वे अब प्रमंडल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रमंडल स्तर के विजेता राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे और राज्य स्तर के विजेता को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। इस महोत्सव ने जिले के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच दिया, जिससे उन्हें आत्मविश्वास और प्रेरणा मिलेगी। इसके साथ ही यह आयोजन जिले में सामूहिक रूप से एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम में मंच संचालन का दायित्व शिक्षाविद डी डी भंडारी ने निभाया।

नवजात के इलाज में लापरवाही बरते जाने मामले में उपायुक्त गंभीर, दिये जांच के आदेश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महगामा प्रतिनिधि गोड्डा/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सह रेफरल अस्पताल महागामा में प्रसव के दौरान इलाज में लापरवाही बरतने के मामले को लेकर डीसी जीशान कमर ने एसडीओ आलोक वरण केसरी को मामले की जांच कर कार्यवाही का निर्देश दिया है। मालूम होगी 20 नवंबर की रात महागामा निवासी मोनिका कुमारी को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महागामा में भर्ती कराया गया था। जहां पर डिलीवरी के बाद नवजात के इलाज में लापरवाही बरतने के कारण बच्चे की स्थिति बिगड़ने के बावजूद ऑन ड्यूटी तैनात चिकित्सक एवं नर्स द्वारा बच्चे के इलाज में लापरवाही बरती गयी थी। इस

मामले को लेकर नवजात के पिता गुंजन कुमार ने अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे डीसी को मामले से अवगत कराया था। नवजात के पिता ने डीसी से दोषी चिकित्सक व नर्स के विरुद्ध कार्रवाई करने की गुहार लगाई। डीसी ने मामले का त्वरित संज्ञान लेते हुए एसडीओ को मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि इन दोनों महागामा रेफरल अस्पताल में इलाज को लेकर काफी लापरवाही बरती जा रही है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने भी रोष व्यक्त किया है।

बाबू गेनू सैद जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

महागमा प्रतिनिधि गोड्डा / बाबू गेनू सैद जी के बलिदान दिवस के अवसर पर गुरुवार को स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन कर एवं बाबू गेनू सैद जी को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य राजेश कुमार उपाध्याय जी ने अपने उद्बोधन में कहा बाबू गेनू स्वदेशी के लिए बलिदान होने वाले पहले शहिद थे, जिन्होंने मां भारती के रक्षा के लिए देश की स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेते हुए विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी भक्ति भाव का जागरण का बोध पूरे भारत को कराया। उन्होंने महाराष्ट्र के मुंबई और पुणे में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और भी ऐसी वस्तुओं के विरोध के लिए जग जाहिर प्रचार प्रसार किया। 22 जनवरी 1991 को स्वदेशी जागरण मंच की स्थापना हुई और प्रतिवर्ष 12 दिसंबर को शहीद बाबू गेनू जी का जयंती मनाकर स्वदेशी भाव का जागरण समाज में करने का कार्य स्वदेशी जागरण मंच वर्षों से करता आ रहा है। वहीं शुभेंदु शेखर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बारे में अधिकांश लोग महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय, सरदार पटेल जैसे महापुरुषों को ही याद करते हैं। हालांकि, हम उन पैदल सैनिकों को भूल जाते हैं जिसने भारतीय स्वतंत्रता में भी योगदान दिया था। ऐसे ही एक नायक हैं मुंबई के एक सूती मिल मजदूर संघ के बाबू गेनू सैद। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत पूर्णकालिक(झा)

शालुका गांव में 200 वर्षों से हो रही है मां अन्नपूर्णा की पूजा



कुंडहित (जामताड़ा) । कुंडहित प्रखंड के शालुका गांव में 200 वर्षों से मां अन्नपूर्णा पूजा हो रहे हैं। पूजा को लेकर गांव में तीन दिवसीय भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। मां अन्नपूर्णा पूजा को लेकर गांव में दो दिवसीय ग्रामीण कलाकारों द्वारा बांग्ला यात्रा गाना का आयोजन किया जाता है। जानकारी के अनुसार शालुका गांव के गांव के संजीत माजि ने बताया उनके पूर्वजों ने शालुका मौजा में कुछ जमीन को लेकर हेतमपुर राजा बीर सिंह से पटना कोर्ट में मामला चल रहा था ।मामला काफी दिनों तक चलने लगा ।जबकि उसे समय शालुका से पटना जाने में लोगों को काफी परेशानी होती थी। मामले के दिन उनको वंशज पाटना जा रहे थे। रास्ते में जाते समन काफी थकावट आया तो एक पेड़ के नीचे सोए गए । इसी दौरान मां अन्नपूर्णा ने उसे सपने में आया तुम गांव जाओ और मेरी पूजा की व्यवस्था करो। आज से जमीन की मामला खत्म हो गया। उसी दिन रास्ते से लौट कर आया और अगहन महिना में मां अन्नपूर्णा की पूजा अर्चना एक छोटा सा झोपड़ी में शुरू किया। मां अन्नपूर्णा पूजा पूरी निष्ठा एवं श्रद्धा के साथ वैष्णवी मतों से शुरू किया गया। आज गांव में उसी के वंशज वासुदेव माजि, जितेन माजि, मानिक माजि आदि द्वारा मां अन्नपूर्णा की पूजा-अर्चना शुरू किया गया। पूजा के 3 दिन गांव में नवान्न उत्सव मनाया जाता है। गांव में तीन दिन नवान्न उत्सव पर सभी घरों में मछली भात का आयोजन किया जाता है। सजल दास ने बताया अन्नपूर्णा पूजा को लेकर गांव में तीन दिवसीय भव्य मेला सहित ग्रामीण कलाकारों द्वारा बांग्ला जात्रा गाना का आयोजन किया जाता है। मेला को लेकर आस पास गांवों में उत्सव का माहौल व्याप्त रहता है।

तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट को लेकर गुरूवार को संचालन समिति की हुई बैठक

संवाददाता नाला (जामताड़ा)-- नाला नेताजी स्टेडियम में तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर गुरुवार को अपराह्न 1ः00 बजे संचालन समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष उज्ज्वल भट्टाचार्य ने की। मालूम हो कि आगामी 26,27, 28 दिसंबर (2024)को होने वाले तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर बैठक की गई। बैठक के दौरान इस दिन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर सभी सदस्यों को कार्य दायित्व सोपा गया और सघन प्रचार प्रसार करते हुए कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी सदस्यों से अपील की गई।मौके पर प्रखंड सचिव जयधन हांसदा, ,भवसिंधु लायेक ,गुपिन सोरेन,नाला पंचायत के मुखिया अजीत मुर्मू, धोबोना पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नूनुधन किस्कु,शिक्षक सुरजीत भट्टाचार्य , दयामय घोष, बिश्वनाथ सोरेन सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

विटामिन ए से संबंधित कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

गोड्डा ः राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन गोड्डा अंतर्गत स्थानीय कुपोषण उपचार केंद्र पुराना (पुराना डीआरडीए कार्यालय) में गुरुवार को शहरी सहियाओं, सेविका एवं एएनएम का विटामिन ए से संबंधित कार्यशाला सह जागरूकता का आयोजन किया गया। जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक जयशंकर ने बताया कि नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। बच्चों को आयरन सीरप व शिविर स्थलों पर माताओं को बच्चों के पोषण संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। शहरी क्षेत्र में 10 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान में नौ माह से पांच वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खासकर शहरी और गरीब परिवारों के बच्चों में कुपोषण को रोकना है। इस अभियान के अंतर्गत समस्त टीकाकरण सत्र के साथ ही विशेष सत्रों का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि बच्चों को विटामिन-ए की नौ खुराक देने का प्रावधान है। नौ से 12 माह तक के बच्चों को एमआर प्रथम टीके के साथ आधा चम्मच विटामिन-ए, 16 से 24 माह तक के बच्चों को एमआर दूसरे टीके के साथ पूरा चम्मच तथा दो से पांच वर्ष तक के बच्चों को छह-छह माह के अंतराल पर पूरा चम्मच विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। विटामिन-ए से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने के साथ ही रतौंधी से भी बचाव होगा। इस मौके पर लेडिज सुपरवाइजर बबली कुमारी, डब्ल्यू एच ओ फील्ड मॉनिटर विश्वनाथ पाण्डेय, सेविका रीता देवी, मीना कुमारी, सिंधु देवी, रजनी देवी, बीटीटी प्रहलाद कुमार, बेबी कुमारी, साहिया राखी कुमारी, रानी, सुजाता कुमारी, अंजू , सोनी मंडली, प्रियंका कुमारी, किरण देवी आदि उपस्थित थे।

नौ महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन

संवाददाता नाला - परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 लियाकत अंसारी के देखरेख व पर्यवेक्षण में सर्जन डॉक्टर दुर्गेश झा के द्वारा महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। इस दौरान डॉ अरविंद कुमार ने महिलाओं का स्वास्थ्य जांच के दौरान बताया कि ऑपरेशन को लेकर बीटीसीटी, शूगर,

शहर को अतिक्रमण मुक्त एवं सुव्यवस्थित करने के लिए नगर परिषद गंभीर

गोड्डा । शहरी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर नगर परिषद का अभियान पिछले कई दिनों से लगातार जारी है। जहां इसका असर भी शहर में देखने को मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर शहर को सुंदर एवं सुव्यवस्थित करने को लेकर नित नए काम जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को शहरी क्षेत्र में दो पहिए एवं चार पहिए वाहन पार्किंग की समस्या को लेकर उसके स्थल का चयन किया गया। जहां गोड्डा -पथरगामा एवं गोंडा - भागलपुर मुख्य मार्ग पर कई जगह पार्किंग के लिए जगह चिन्हित किए गए हैं। इस संदर्भ में सिटी मैनेजर रोहित आनंद ने बताया कि रौतारा चौक के समीप चार चक्का वाहनों के पार्किंग के लिए स्थल का निरीक्षण किया गया है। वही दो पहिए वाहन के लिए मुख्य कारगिल चौक, आर बी मार्केट के समीप एवं हटिया चौक एवं एलआईसी चौक पर भी जगह को चिन्हित किया गया है। इस प्रकार गोड्डा - भागलपुर रोड में बीएसएनल कार्यालय से लेकर इंजीनियर भवन तक बाजार शाखा एसबीआई से लेकर रिलायंस मॉल तक तथा मिशन चौक से लेकर विवाह भवन तक पार्किंग को लेकर स्थल चिन्हित किया गया है। जहां दो पहिया वाहनों के पार्किंग के लिए व्यवस्था की जाएगी। ताकि शहर में आए दिन लगने वाले जाम से छुटकारा मिल सके। उन्होंने बताया कि ठंड को देखते हुए शहर में कई जगह अलाव की भी व्यवस्था की गई है। जिसमें कारगिल चौक, हटिया चौक, सदर अस्पताल, रौतारा चौक बस पड़ाव सहित कई जगह शामिल है।

पारसपानी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के रक्तदान शिविर आयोजित, 34 युनिट रक्त संग्रह

पथरगामा । प्रखंड अंतर्गत होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पारसपानी में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कॉलेज के स्टाफ, जुनियर चिकित्सक, कॉलेज के छात्र-छात्रा एवं अन्य लोगों ने रक्तदान किया जिसमें कुल 34 युनिट रक्त संग्रह किया गया। इस रक्तदान शिविर में अधिकतर प्रथम बार के रक्तदाता थे। शिविर का उद्घाटन डॉ0 एम के अंजुम एवं प्राचार्य डॉ0 मनोज कुमार साह के द्वारा किया गया साथ ही लोगों को रक्तदान के फायदे भी बताए गए। वहीं रक्तदान शिविर में डॉ0 हीरा पंडित, डॉ0 मुकेश, डॉ0 हेमलता, रेड क्रॉस सदस्य ऋषि रिसव, तनुश्री, आशीष इत्यादि का सहयोग रहा। रक्त दाताओं में जुनियर डॉ0 उपासना, ज्योति, प्रभा, शशि, प्रियंका, ईमरान, यश, साक्षी, रोजी आदि शामिल थे।

समय से पहले स्कूल में छुट्टी हो जाने के कारण पंचायत समिति ने बच्चों को समझाया एवं शिक्षकों को फटकार लगाया

कर्माटांड़ । कर्माटांड़ प्रखंड के बागबेर पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बागबेर का गुप्त सूचना के आधार पर पंचायत समिति सदस्य अख्तर अंसारी ने औचक निरीक्षण किया तो पता चला कि विद्यालय की छुट्टी की निर्धारित समय 3 बजे है। तो फिर 2ः30 बजे किस आधार पर छुट्टी कर दिया गया।इस मामले को लेकर पंचायत समिति सदस्य अख्तर अंसारी ने विद्यालय के शिक्षकों से वार्ता कर जानकारी दिया कि अगर शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी तरह का कोताही बरती गई तो में बर्दाश्त नहीं करूंगा तथा निर्धारित समय से आइंदा बच्चों की स्कूल से छुट्टी करते हैं तो इसकी उच्चस्तरीय शिकायत की जाएगी। साथ ही छात्र/छात्राओं को भी नियमित स्कूल आने व मन लगाकर पढ़ने का आग्रह किया।

ए- डिवीजन क्रिकेट लीग मुकाबला स्वामी विवेकानंद क्लब ने स्पार्टेन इलेवन क्लब को 12 रन से किया पराजित

गोड्डा । जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में गांधी मैदान में आयोजित ए- डिवीजन क्रिकेट लीग में गुरुवार को हुए खेल में स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब ने स्पार्टेन इलेवन क्रिकेट क्लब को 12 रन से पराजित किया। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए स्वामी विवेकानन्द क्रिकेट क्लब की टीम ने 35 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 133 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें पलक ने 39 रन एवम अजय कुमार ने 25 रनों की पारी खेली। वहीं गेंदबाजी में अजीत रंजन ने 3 विकेट एवं मनीष कुमार ने 2 विकेट प्राप्त किए। जवाबी पारी में स्पार्टेन इलेवन क्रिकेट क्लब की टीम 31.5 ओवर में 121 रन पर ऑल आउट हो गई। छोटू कुमार ने 21 रन एवम अजीत रंजन ने 19 रनों की पारी खेली। सुरेंद्र एवं रोहित ने 2 -2 विकेट प्राप्त किए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सुरेंद्र कुमार को जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव एमडी किरमान अंसारी के द्वारा दिया गया है। अंपायर की भूमिका में प्रभुनाथ साह एवम मोनू कुमार तथा स्कोरर मनीष कुमार थे। इस अवसर पर क्रिकेट संघ के संयोजक संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष सनोज कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

गोड्डा सं। नेहरु युवा केंद्र व जिला खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजित युवा उत्सव का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, बैद्यनाथ उरांव, जिला शिक्षा पदाधिकारी, मिथिला टुडू, जिला खेल पदाधिकारी डॉ0 प्राण महतो समेत अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। आयोजित उत्सव में 15 से 29 वर्ष तक के युवाओं ने भाग लिया। कुल 11 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें नृत्य, गायन, कहानी लेखन, कविता लेखन, पेंटिंग, भाषण, विज्ञान मेला, मोबाइल फोटोग्राफी आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को ग्रहण करने के लिए उपस्थित युवाओं से आग्रह किया एवं कहा कि खेलकूद, सभ्यता और अपने विचार को अच्छे कामों में लगाकर अच्छे इंसान बने। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य को साकार करने के लिए पूरी लगन, मेहनत और कर्तव्य के साथ पूर्ण करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने हमेशा देश सेवा और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने विद्यार्थियों से अपील किया है।जिला स्तरीय युवा उत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए जिला खेल पदाधिकारी डॉ0 प्राण महतो ने कहा कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव के माध्यम से यहां के स्थानीय प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा अवसर मिला है उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र दिया जायेगा, जिला स्तरीय युवा उत्सव के प्रथम विजेता प्रमंडल व स्तरीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगें। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को तत्पश्चात 11 और 12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस में शामिल होने का मौका मिलेगा। इस मौके पर तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं स्कूली छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपित को 20 वर्ष सश्रम कारावास

गोड्डा ः विशेष न्यायाधीश पोक्सो सह जिला जज प्रथम पवन कुमार के न्यायालय ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के माल प्रतापपुर निवासी मो. अकरम अंसारी को दोषी पाकर 4 (2) पोक्सो एक्ट के अपराध में 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं 50,000 रूपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई। जुर्माना की राशि अदा नहीं करने पर एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा से दंडित किया गया। विक्टिम कंपनशेषण स्कीम के तहत पीड़िताके पुर्नवास एवं आर्थिक सहायता हेतु विधिक सेवा प्राधिकार ,गोड्डा को अग्रसारित किया गया। निर्णय की एक प्रति सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ,गोड्डा को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा गया। अभियोजन की ओर से न्यायालय के समक्ष 12 गवाहों का परीक्षण किया गया। उभय पक्षों की दलील सुनने के उपरांत न्यायालय ने 20 वर्ष सश्रम करावास की सजा सुनाई।15 अप्रैल 2021 को ठाकुरगंगटी थाना में दर्ज प्राथमिकी में 17 वषीया पीड़िता ने कहा था कि वह नौवीं कक्षा की छात्रा है। दो माह पूर्व वह बाराहाट बाजार गई थी। वहां से टेंपू पकड़कर गांव आ रही थी। उसी दौरान टेंपू चालक ने उसे मोबाइल नंबर दिया। उसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। दस दिन पूर्व वह कहलगांव के सलीमपुर गांव अपने मौसी के घर गई थी। फोन से बात करके अकरम वहां भी साथी के साथ उसे ले जाने पहुंच गया। उसकी छह वर्षीया बहन के साथ उसे मोटरसाइकिल से भुष्का पहाड़ ले गया। जहां उसकी छोटी बहन और साथी को नाश्ता करने भेज दिया एवं पहाड़ी के समीप एक झोपड़ी में ले जाकर शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

गोड्डा ः जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सौर पचीसा गाँव के पास बालू के अवैध खनन और परिवहन पर खनन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जप्त किए जाने की सूचना मिली है। मिली जानकारी के मुताबिक उक्त गांव में बालू माफियाओं द्वारा व्यापक पैमाने से बालू का अवैध खनन और परिवहन किया जाता था। बताया कि पुलिस को इस संबंध में सूचना मिलने के बाद खनन विभाग के साथ मिलकर छापामारी की गई जहां बालू का परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर को जप्त कर इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं इससे सटे पथरगामा के सनातन घाट से बालू का अवैध खनन और परिवहन व्यापक पैमाने पर हो रहा है। यह इलाका सीमावर्ती बिहार का है। एक अन्य सूचना में बताया गया है कि बसंत राय प्रखंड अंतर्गत डेरमा पंचायत के सनौर घाट की नीलामी हो गई है जहां से बालू का उठाव हो रहा है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि वहीं दूसरी तरफ गेरुआ नदी के तट पर बने बांध को काटकर बालू का उठाव किया जा रहा है जिससे गेरुआ बांध कई जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया गया कि इस बालू उठाव से भविष्य में कभी भी बांध कमजोर होकर क्षतिग्रस्त हो सकता है।

बाबा भागरीत (मांझी) हांसदाक्

(टेवान सुटीक- 2)

-चुण्ड़ा सोरेन 'सिपाही'

सा-साकाम 100

(....'संताल होपोनको, बिताव़ेन दिनको रे सान्ताव आर हूल रे पाड़ावात्को दुक आर हारोन कोसटोको पारोम आगुकेत् रे हों मारे हापड़ामकोवाक् धोरोम बाबोत आरी-चालीको मानाव आगुकेत् गेया। आर हापड़ामको सेदाय जुग खोन ओका लेकानबोन्दोबोस तेको ताहें हेच् लेना। इना लेका गे नित हाबिच् हों मेनाक् आगुकोआ। आतो मांझी दो आतो होड़कोवाक् माली-मामलायछिंड़ावा। होड़कोवाक् जुमी-जायगा आर आतो सीमाये तालीक-तानखिया।सेदाय दो काथाय मांझी हाड़ाम दो मिमित् रायोते तानखिकोआ।सेताक् रे बेरेत् काते ठेंगावान ते ओड़ाक्-ओड़ाक्ए दाड़ांना।आर, राचा रे बोलो कातेये होहोया- 'चेले फलना ! ओड़ाक् रे मेनामा ?' ओड़ाक् रे बानुय गे खानको लाईयादेया- 'हान्ते से नोते,नोआ से ओना कामिये ओडोक सेनेना।' ओड़ाक् मालिक मेनाय गे खाने होहो ओडोकेया आरे मेताया- 'नित हाबिच् आम दो ओड़ाक् रे गेओतोर-ओंबाक् मेनामा ? मा नित गे इञ सामाङ रे ओडोक होदोक्मे !' आदोय लागा ओडोकगोत् काया। रायोतकोवाक् दुक-सुक रेयेसेलेदोक्आ। ओना इयाते मांझी हाड़ाम दो आपा लेकाको मानावेया।परानिक दो मांझी रेन गोक्ड़ोयिच्। जारूड़ घुड़ी माझीबोदोले कामिया। नायकी दो आतो रेन पुझार कानाय। आर, कुड़ाम नायकी दो उनी लातार रे पुजा-आघा कामी रेयेगोड़ोवाया। जोगमांझी दो आतो-टोला रेयाक् चाली-चोलोन तानखी भोर ताहेंन ताया। आसोकाय ते कुड़ी-कोड़ाये तालिककोआ। एकेनसोहराय भोर आपनार कुसी रेये आड़ाक् काकोआ। कुड़ी-कोड़ा ताला रे घाट-गुना होयलेन खान जोगमांझी ठेन गेको लाई माड़ाडा। उनी सेच् ते गे माली-मामला दो राकाप्आ। सेदाय दो काथाय जोगमांझी ती रे गे कुड़ी-कोड़ाको ताहेंना।.....).

(सा-सा0-101)

(.....जुवान कोड़ा जिन्दाको गितिच् लागित् जोगमांझी ओड़ाक् ठेन गे ओड़ाक्को बेनावाकोआ। उनी बेगोर लायाय ते ओकोय कोड़ा हों जिन्दा दो जाहां ते बाय चालाक्आ। उनीयाकहुकुम बेगोर लागड़ें, रींजा, मातवार, एमान एनेच् बाङ होयदाड़ेयाक्आ। एनेच् बारतेले खान आच् गे ओड़ाक्-ओड़ाक्एसेनोक्आ। आर, एंगा-आपा लाई काते होड़कोय जाम जारवाकोआ। आर, आच् सामाङ रेये एनेच् ओचोकोआ। ओकते होयलेन खानेभिड़भांगावकोआ। आर, कुड़ीको दो ओड़ाक्-ओड़ाक्ए जिमा रूवाड़ काकोआ। लागड़ें से दोङ एनेच् रे जोगमांझी दो ठेंगावानते आखड़ा रेये ताहेंना। जाहांय कोड़ा एनेच्कान कुड़ी तुलुच्ए इसीड़सिटकोच्ले खान आखड़ा खोने पिटाउ जिरिया। आर, घुरया बायबोलो ओचोवाया। ओने ओना लेका जाबिद रेको ताहेंकान तेलोटघुटी दो आतो रे आडी सोंधे गे होयोक्आ। मेनखान, भाबनारेयाक् काथा, नाहांक् दो ओना आरी आत् उताराकान लेकाजेलोक् काना। आतो रे जाहांन माबला बाको छिंड़ाउ दाड़ेयाक् खानपोरगोन रेन मालिक, मेताक्मे, परगाना ठेनको आदेरा। आर, उनीयेछिंड़ाउ ताकोआ। देसमांझी दो जोतो कामी रे परगानाय गोड़ोवाया। परगाना होतेते हों बाङ छिंड़ाउक् खान कचाहारी तेकोइदिया। कुलही दुडुप् लागित् होड़ जावराकोआ मेनते गोडेते ताहेंना। संताल होपोनकोवाक् आदोम आन मेनाक्आ। ओनाको दोसरकार बाको आंगोचा। ओना इयाते ओनकान आन दो आतो बाइसीरेको छिंड़ावा। बोंगा-भूत रे बिसवास मेनाक् ताको ते डान,नांजोम, आहा आर मेत् लागाव दो जाहांन रोग-बिघीन रेयाक् आर दुक दुकास रेयाक् कारोनको बुझावा। ओझा ठेनको चालाक्आ।उनी दो बाडमा सुनुम साकाम रे मान्तार दाड़े ते डाने जामतोत्कोआ। जाम तोत्केत्कोवाय, मेनखान, सारी-नासेये जुम गोत्कोआ आरकोसाप्कोआ। आर खुप् साजाईको साजाईकोआ। ओका मा गोच् होंकोगोच् गिडीकोआ। मेनखान, नाहांक् दो सरकार जाबिद ते उनाक्हाबिच् दो बाको कामियेत् काना। नोडकानको दो आतो खोनको लागा जिरकोआ। सानाम बोंगा रे जाहांय बोंगाय राकाप् एना मेनखान, आर ओझाय लाईले खान बोंगा मानतावक् लागित् कुटनाटकोखोरोचोक्आ।.....)

(सा-सा0 102)

